हिन्दी दैनिक
# राष्ट्र संवाद
आपका राष्ट्र, आपका संवाद
जमशेदपुर से प्रकाशित
मूल्य : दो रुपए
RNI No. : JHAHIN - 01092
rashtrasamvad.com
जमशेदपुर,मंगलवार
28.01.2025
नगर संस्करण
वर्ष : 01,अंक :256

## सुविचार

व्यक्ति की सफलता उसके कर्म पर आधारित होती है कर्म अच्छे करो सफलता ज़रूर मिलेगी ।



## भारत-चीन में बनी सहमति, फिर शुरू होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत और चीन के बीच बनी सहमति के बाद इस साल की गर्मियों में कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू होगी । दोनों देश के बीच सीधी हवाई सेवाएं और सीमा पार नदियों से संबंधित हाइड्रोलॉजिकल डेटा और अन्य सहयोग भी दोबारा शुरू करने पर सहमति बनी है। इन मुद्दों पर आगे संबंधित स्तर बने तंत्रों पर चर्चा कर रूपरेखा तैयार की जाएगी। दोनों देशों के बीच यह सहमति विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री की बीजिंग में आयोजित 'विदेश सचिव-उप विदेश मंत्री तंत्र' की बैठक के दौरान बनी है। रूस के कजान में प्रधानमंत्री मोदी और चीन के राष्ट्रपति के बीच संबंधों को स्थिर और पुनर्निर्मित करने के लिए कुछ जन-केंद्रित कदम उठाने पर सहमति बनी थी। बैठक उसी के अनुरूप आयोजित की गई।वर्ष 2020 में उत्पन्न सैन्य तनानती के कारण दोनों देशों के रिश्तों में खटास आ गई थी। उस समय भारत और चीन के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए कैलाश मानसरोवर यात्रा रोक दी गई थी। विदेश मंत्रालय के अनुसार दोनों पक्ष मीडिया और थिंक टैंक के बीच बातचीत को और बढ़ावा देने तथा उसे सुविधाजनक बनाने के लिए उचित कदम उठाने पर सहमत हुए हैं। 2025 भारत और चीन के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ है। इस वर्षगांठ को मनाने के लिए दोनों पक्ष कई स्मारक गतिविधियां आयोजित करेंगे। बैठक के दौरान आर्थिक और व्यापार क्षेत्रों में विशिष्ट चिंताओं पर चर्चा की गई है। इससे इन मुद्दों को हल किया जा सकेगा और दीर्घकालिक नीतिगत पारदर्शिता और पूर्वानुमान को बढ़ावा दिया जा सके।

## मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में नामांकन के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू

**रांची, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का झारखंड में स्तरीय शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा कदम मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय है। पहले चरण में राज्य के 80 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों को सीबीएसई पैटर्न पर चलाया जा रहा है। सरकार की इस पहल को अभिभावकों ने भी हाथों हाथ लिया और पिछले साल लगभग सभी जगह बड़ी संख्या में नामांकन हुए ।

इस वर्ष भी इसमें नामांकन के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों व्यवस्था की गई है। ऑनलाइन के लिए दिए गए लिंक पर जाकर आवेदन दिया जा सकता है। https://evidyavahini.jharkhand.gov.in/studentAdmission

## ऑटो और पिकअप में टक्कर ,10 स्कूली बच्चे घायल

**लातेहार,(हि.स.)।** जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र अंतर्गत हुम्बू गांव के पास स्कूली बच्चों से भरे ऑटो और पिकअप वाहन में टक्कर हो गयी। इस घटना में 10 स्कूली बच्चे समेत 12 लोग घायल हो गए हैं। सभी बच्चे हुम्बू गांव के रहने वाले हैं। घटना के बाद सभी बच्चों को पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से बालूमाथ अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद छह बच्चों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार हुम्बू गांव के पास संचालित एक निजी विद्यालय में गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम की समाप्ति के बाद स्कूल में पढ़ने वाले सभी बच्चे ऑटो पर सवार होकर वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही एक पिकअप वाहन से ऑटो की टक्कर हो गई, जिससे ऑटो पर सवार सभी बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए ,वहीं पिकअप वाहन भी सड़क के नीचे पलट गयी। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घटना की जानकारी पुलिस को दी और सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया।

## पैनम कोल माइंस के अवैध खनन मामले में सीबीआई जांच की मांग

### झारखंड हाईकोर्ट ने सरकार को दिया निर्देश

**रांची,राष्ट्र संवाद संवाददाता।** पैनम कोल माइंस के अवैध खनन की सीबीआई जांच की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान खनन विभाग के सचिव कोर्ट के आदेश पर सशरीर उपस्थित हुए। मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल किया गया जिस पर कोर्ट ने प्रार्थी को इस पर प्रतिउत्तर देने का निर्देश दिया। कोर्ट ने अगली सुनवाई में खान विभाग के सचिव के सशरीर उपस्थित होने पर छूट प्रदान की। पिछले सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार के जवाब पर असंतोष जताया था। उल्लेखनीय है कि पैनम माइंस पर लीज से ज्यादा खनन का आरोप है। झारखंड सरकार ने दुमका और पाकुड़ जिले में पैनम माइंस नाम की कंपनी को कोयला खनन का लीज सौंपा था लेकिन आरोप है कि कंपनी ने लीज से ज्यादा कोयला खनन किया है जिससे राज्य सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ है। इस मामले में हाईकोर्ट के अधिवक्ता राम सुभग सिंह ने जनहित याचिका दाखिल की है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने 76वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाओं के लिए विश्व के कई प्रमुख नेताओं का आभार जताया

**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के 76वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाओं के लिए सोमवार को विश्व के कई प्रमुख नेताओं का आभार जताया। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों का शुक्रिया अदा करते हुए मोदी ने कहा कि पिछले साल गणतंत्र दिवस परेड में उनकी मौजूदगी दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी और स्थायी मित्रता में एक महत्वपूर्ण पल था। राष्ट्रपति मैक्रों के बधाई संदेश का जवाब देते हुए मोदी ने कहा, ''मेरे प्रिय मित्र राष्ट्रपति मैक्रों। भारत के 76वें गणतंत्र दिवस पर आपकी शुभकामनाएं बहुत ही सराहनीय हैं। पिछले साल इस अवसर पर आपकी गरिमामयी उपस्थिति वास्तव में हमारी रणनीतिक साझेदारी और स्थायी मित्रता में एक महत्वपूर्ण पल था। मानवता के बेहतर भविष्य के लिए हम जल्द ही पेरिस में एआई एक्शन समिट में मिलेंगे।''

एक अन्य पोस्ट में मोदी ने आयरलैंड के प्रधानमंत्री माइकल मार्टिन को धन्यवाद देते हुए कहा, ''मुझे पूरा विश्वास है कि लोकतंत्र में साझा विश्वास और आस्था पर आधारित भारत और आयरलैंड के बीच दोस्ती के स्थायी बंधन आने वाले समय में और मजबूत होते रहेंगे।'' इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो की उपस्थिति में कर्तव्य पथ पर 76वें गणतंत्र दिवस समारोह में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता, सैन्य कौशल, आर्थिक प्रगति और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में की गई प्रगति का प्रदर्शन किया गया।



### पीएम बोले- भारतीय युवाओं के बिना भविष्य की कल्पना नहीं

#### इनके पास वो शक्ति, जो 21वीं सदी में दुनिया के विकास की दिशा तय करेगी

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को NCC की सालाना पीएम रैली में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा- भारत के युवा सिर्फ भारत के लिए ही नहीं बल्कि फोर्स फॉर ग्लोबल गुड हैं। आज दुनिया इस बात को मान रही है। आप 21वीं सदी में भारत और दुनिया के विकास की दिशा तय करने वाले हैं। भारत के युवाओं के बिना दुनिया के भविष्य की कल्पना नहीं की जा सकती। करिअप्पा परेड ग्राउंड में पीएम ने कहा- गणतंत्र दिवस परेड में सेलेक्ट होना अपने आप में उपलब्धि है, लेकिन इस बार की परेड खास थी। ऐसा इसलिए क्योंकि इस साल हमारे गणतंत्र ने 75 साल पूरे किए हैं। इस अमृतकाल में हमें एक ही लक्ष्य रखना है- विकसित भारत। हमारे हर फैसले, हर काम की कसौटी विकसित भारत ही होनी चाहिए।

## भाजपा-आरएसएस के लोग 'देशद्रोही', स्वतंत्रता संग्राम में कभी योगदान नहीं दिया: कांग्रेस अध्यक्ष खरगे



**महू (मप्र), (भाषा)** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को पार्टी कार्यकर्ताओं से संविधान को बचाने के लिए एकजुट होने का आग्रह किया और कहा कि ऐसा न होने पर दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों तथा गरीबों को नुकसान होगा। खरगे ने यहां 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' रैली को संबोधित करते हुए भाजपा-आरएसएस के लोगों को ''देशद्रोही'' करार दिया और कहा कि कांग्रेस धर्म के नाम पर गरीबों का शोषण कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। महाकुंभ में पवित्र स्नान करने वाले भाजपा नेताओं पर कटाक्ष करते हुए खरगे ने कहा कि क्या गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी दूर हो सकती है। हालाँकि, उन्होंने कहा कि उनका इरादा किसी की आस्था को ठेस नहीं पहुँचाने का नहीं है। उन्होंने कहा, ''भाजपा नेता कैमरों की खातिर गंगा नदी में डुबकी लगाने के लिए एक-दूसरे से होड़ कर रहे हैं।'' कांग्रेस अध्यक्ष ने आरएसएस और भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि वे ''हर मस्जिद के नीचे शिवलिंग की तलाश न करें'' जैसा बयान देते हैं, लेकिन वे लोगों को ऐसा करने के लिए ''उकसाना'' जारी रखते हैं। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस को गाली देने वाले आरएसएस के लोगों ने देश की आजादी की लड़ाई में कुछ नहीं किया, क्योंकि वे अंग्रेजों के साथ थे।

**दिल्ली चुनाव:**

## महिलाओं को मासिक 2,100 रुपये से लेकर स्वच्छ पेयजल तक, केजरीवाल ने 15 'गारंटी' की घोषणा की



**नई दिल्ली,एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले सोमवार को पार्टी का घोषणापत्र जारी किया जिसमें महिलाओं को मासिक 2,100 रुपये, 24 घंटे स्वच्छ पेयजल, बुजुर्गों को मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाएं और छात्रों के लिए मेट्रो के किराए में 50 प्रतिशत तक छूट जैसे कई वादे किए गए हैं। केजरीवाल ने कहा कि अगर पार्टी पांच फरवरी के चुनाव में सत्ता में वापसी करती है तो मुफ्त शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, महिलाओं के लिए बस यात्रा, पानी, बिजली समेत आप सरकार की मौजूदा छह 'रेवड़ियां' जारी रहेंगी।

उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आप की सभी मुफ्त योजनाओं को बंद कर देगी। उन्होंने दावा किया कि इसके परिणामस्वरूप दिल्ली के लोगों पर हर महीने 25,000 रुपये का मासिक बोझ बढ़ जाएगा।

''केजरीवाल की गारंटी'' शीर्षक से पार्टी का घोषणापत्र जारी करते हुए दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने एक 'गारंटी कार्ड' पर हस्ताक्षर किया और संकल्प जताया कि राष्ट्रीय राजधानी में सरकार बनते ही आप महिलाओं को हर महीने 2,100 रुपये देगी।

गारंटी कार्ड में लिखा है, ''मैं अरविंद केजरीवाल गारंटी देता हूं कि जैसे ही आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी, मैं सबसे पहले अपनी माताओं और बहनों के लिए 'महिला सम्मान राशि योजना' शुरू करूंगा।'' केजरीवाल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए, आप के वादा-आधारित शासन की नकल करने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा, ''हमने देश में सबसे पहले 'गारंटी' शब्द गढ़ा। भाजपा ने इसे चुरा लिया, लेकिन अंतर यह है कि हम अपनी गारंटी पूरी करते हैं, जबकि वे नहीं करते।''

## टायो कॉलोनी के जर्जर ई-टाइप का फ्लैट गिरकर जमींदोज, बड़ा हादसा टला

राष्ट्र संवाद संवाददाता





**गम्हरिया।** टाटा स्टील की अनुषंगी इकाई टायो रोल्स मिल के कॉलोनी स्थित ई टाइप में निर्मित दो फ्लैट पूरी तरह ढहकर गिर गया। हालांकि समय रहते उन फ्लैटों में रहने वाले सभी लोग सपरिवार उससे बाहर निकल चुके थे। इस कारण कोई बड़ी घटना नहीं घटी और जान माल की कोई क्षति नहीं हुई। बताया गया है कि बीते रविवार की रात ही निचले तल्ले के आगे का भाग गिरकर जमींदोज हो गया था। इसके बाद उसमे रहने वाले सभी लोग सतर्क हो गए और फ्लैट छोड़कर सामान के साथ सभी सुरक्षित बाहर निकल गए। सोमवार की शाम में पूरा फ्लैट ही गिरकर ढह गया। फ्लैट ढहने के बाद वहां अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। इसकी जानकारी मिलते ही काफी संख्या में कॉलोनीवासी वहां जुट गए और इसकी सूचना कंपनी प्रबंधन तथा गम्हरिया थाना को दी। सूचना पाकर कंपनी के अधिकारी व थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य मे जुट गई। विदित है कि टायो कंपनी बन्द होने के बाद इस आवासीय परिसर में वैसे लोग रह रहे हैं जिन्होंने अभी तक अपना सेटलमेंट कंपनी से नहीं लिया है। फ्लैट के निवासियों ने बताया कि बिना पिलर के इन फ्लैटों का निर्माण वर्षों पूर्व कराया गया था। काफी समय से इन फ्लैटों की स्थिति जर्जर है। इस बावत कई बार यहां के निवासियों द्वारा पूर्व में कंपनी प्रबंधन से शिकायत की गई थी। किन्तु, उसपर कोई पहल नहीं किया गया। सेकंड फ्लैट का अगला हिस्सा सोमवार को पूरी तरह से ढह गया। गनीमत रही कि इससे पहले दीवारें टूटकर गिरने लगीं, जिससे वहां रहने वाले लोग सतर्क हो गए और समय रहते अपने सामान को बाहर निकालकर सुरक्षित स्थान पर चले गए। फ्लैट के निवासियों ने बताया कि यह निर्माण बिना पिलर के किया गया था और यह वर्षों पुराना है। लंबे समय से फ्लैट की स्थिति काफी जर्जर हो गई थी। इसको लेकर निवासियों ने कई बार कंपनी प्रबंधन से शिकायत की, लेकिन उनकी शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। फ्लैट के निवासियों का कहना है कि यदि समय रहते हम बाहर नहीं निकले होते, तो आज बड़ी अनहोनी हो सकती थी। लोगों ने अपनी जान बचाने के लिए जरूरी सामान लेकर तुरंत फ्लैट खाली कर दिया। हालांकि कुछ लोगों के घर का सामान अभी भी मलबे में दबा हुआ है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन और कंपनी प्रबंधन से इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने की मांग की है।

## वक्फ समिति ने राजग के सभी संशोधन स्वीकार किए, विपक्ष के संशोधनों को किया खारिज

**नई दिल्ली, (भाषा)** वक्फ (संशोधन) विधेयक पर चर्चा कर रही संसद की संयुक्त समिति ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सदस्यों द्वारा प्रस्तावित सभी संशोधनों को सोमवार को स्वीकार कर लिया और विपक्षी सदस्यों के संशोधन प्रस्तावों को खारिज कर दिया। समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल ने बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि समिति द्वारा स्वीकार किए गए संशोधनों से कानून बेहतर और प्रभावी होगा। हालांकि, विपक्षी सांसदों ने बैठक की कार्यवाही की निंदा की और पाल पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को 'पलटने' का आरोप लगाया। तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी ने संवाददाताओं से कहा, ''यह हास्यास्पद कवायद थी। हमारी बात नहीं सुनी गई।

## महावीर नायक को पद्म अलंकरण पर प्रदेश भाजपा ने दी बधाई,जताया आभार



**रांची, (हि.स.)।** प्रदेश भाजपा ने झारखंड की प्रतिभाओं को लगातार पद्म अलंकरण से सम्मानित किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। तथा झारखंड के लोक गायक महावीर नायक को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ,सांसद दीपक प्रकाश, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. रविंद्र राय ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी है। मरांडी ने सोमवार को कहा कि भिनसरिया राग के लिए विख्यात महावीर जी ने नागपुरी गीतों के माध्यम से झारखंड की कला और संस्कृति की समृद्धि एवं संरक्षण में अतुल्य योगदान दिया है। कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. रविंद्र कुमार राय ने कहा कि मोदी सरकार लगातार झारखंड की प्रतिभाओं को पद्म अलंकरण से सम्मानित कर रही है। यह झारखंड की कला संस्कृति और साढ़े तीन करोड़ जनता का सम्मान है। भाजपा के सांसद दीपक प्रकाश ने आज पद्म अलंकरण से सम्मानित महावीर नायक से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि पद्म पुरस्कारों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के छुपे कोहिनूरों को सम्मानित करने का काम कर रहे हैं और इसी कड़ी में गुदड़ी के लाल महावीर नायक पद्मश्री पुरस्कार के लिए चुने गए हैं। उन्होंने महावीर नायक को हार्दिक शुभकामनाएं दी एवं मोदी का आभार जताया है

SONA DEVI UNIVERSITY
Recognised by UGC & PCI, New Delhi
Ghatsila, Jamshedpur
Courses Offered
School of Commerce & Management
BBA, MBA, B.Com (Hons), M.Com
BBA Enterprise, MBA Enterprise,
PG Diploma in Logistics & Supply Chain Management
School of Engineering & Technology
B. Tech in CSE
B. Tech CSE in AI & ML
B. Tech CSE in Data Science
B. Tech CSE in Cyber Security
Diploma in Civil, Electrical, Mechanical & Computer Science
PG Diploma in Disaster Risk Reduction Mgmt.
School of IT & Computer Science
BCA, BCA - Industry Integrated
MCA, B. Sc. (IT), M.Sc. (CS)
School of Science
B. Sc. (Hons), M. Sc.
B. Sc. (Biotech.), B. Sc. (Biochem.)
B. Sc. (Electronic Science)
School of Humanities & Social Sciences
B.A. (Hons.), M.A.
PG Diploma in Clinical Psychology
PG Diploma in Rural Development Mgmt.
School of Agriculture Sciences
B. Sc. (Agriculture)
B. Sc. (Fisheries Science)
School of Pharmacy
D. Pharm
B. Pharm
School of Library & Information Science
B. Lib
M. Lib
PG Diploma in Lib & Info Science
School of Research
Ph.D
School of Yoga & Naturopathy
Diploma in Yoga & Naturopathy
PG Diploma in Yoga & Naturopathy,
B.A. in Yoga & Naturopathy
B.A.(Hons.) in Yoga & Naturopathy
M.A. in Yoga & Naturopathy
School of Performing Fine Arts
DPFA, BPFA & MPFA
Hostel Accommodation
University Bus Service Facility
Our Placement & Internship Partners




Campus : Kitadih, PO & PS Ghatsila, North Moubhandar, Jamshedpur, East Singhbhum, Jharkhand 832303
City Office : Gajraj Mansion, Bistupur, Jamshedpur, East Singhbhum, Jharkhand 831001
Know more about us on
Call us on : 1800 309 2626 | 911337 2397
987 309 2626
www.sonadeviuniversity.com

## देवरी में सड़क हादसा:आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रक को फूंका

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**गिरिडीह:** देवरी के मंडरो और चितरोकुरो में सड़क हादसा हुआ है. यहां एक ट्रक ने राहगीरों को अपनी चपेट में ले लिया. घटना के बाद ट्रक को लेकर चालक फरार हो गया. इस घटना से आक्रोशित लोगों ने ट्रक का पीछा कर उसमें आ लगा दी. हालांकि ट्रक का चालक मौके से भाग निकला. घटना सोमवार की है. ट्रक में आग लगाने की घटना जमुआ के मिर्जागंज की है.मिली जानकारी के अनुसार सीमेंट लदे ट्रक ने देवरी प्रखंड अंतर्गत हीरोडीह थाना के मंडरो में एक 4 वर्ष के बच्चे को धक्का मार दिया. इस घटना में बच्चे की मौत हो गई. मृतक तिसरी थाना इलाके के बेलवाना निवासी शहबाज अंसारी का चार वर्षीय पुत्र था. घटना उस वक्त घटी जब पिता - पुत्र दुकान से सामान खरीद कर निकल रहे थे.घटना के बाद ट्रक को लेकर चालक भागने लगा. भागने के क्रम ट्रक ने देवरी थाना इलाके के चितरोकुरो में सुखदेव यादव नामक व्यक्ति को कुचल दिया. सुखदेव बुरी तरह घायल है. ऐसे में लोग आक्रोशित हो गए और ट्रक का पीछा करना शुरू कर दिया. लोगों को अपने पीछे आता देख चालक मिर्जागंज अवस्थित जलीय सूर्य मंदिर के पास वाहन को खड़ा कर फरार हो गया. इस बीच पीछे से आ रहे आक्रोशित लोगों ने ट्रक में आग लगा दी.दूसरी तरफ दुर्घटना की जानकारी पर दोनों स्थानों पर पुलिस पहुंच गई ।

# नाला प्रखंड में शान से मनाया गया 76 वाँ गणतंत्र दिवस

**निजाम खान/संतोष कुमार। राष्ट्र संवाद**



नाला/जामताड़ाः नाला प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सरकारी व निजी कार्यालयों, संस्थानों व स्कूलों में पूरे हर्षोल्लास व धूमधाम से 76 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया।जिसमें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सर्वप्रथम तिरंगा फहराने का कार्यक्रम प्रखंड सह अंचल कार्यालय नाला में प्रखंड प्रमुख कलावती मुर्मू के द्वारा,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में पुलिस निरीक्षक राजीव सिंह,प्रखंड पशुपालन कार्यालय में डॉ मुकेश कुमार ,सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नाला में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ लियाकत अंसारी ,प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कार्यालय में बीईओ जया देवी,वनक्षेत्र कार्यालय में वनक्षेत्र पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार पासवान,
राजस्व ग्राम कचहरी कार्यालय में अंचल अधिकारी मोहम्मद कयूम अंसारी,पुलिस निरीक्षक कार्यालय में पुलिस निरीक्षक राजीव सिंह, नाला थाना में थाना प्रभारी प्रदीप राणा, राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय नाला में प्रधानाध्यापक उत्तम मंडल, बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर मंच में अध्यक्ष सुकुमार घोष के द्वारा तिरंगा फहराया गया।इस दौरान नाला एल्डर्स क्लब ,मध्य विद्यालय नाला,इंटर कॉलेज नाला,डिग्री कॉलेज एवं कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय नाला में तिरंगा फहराया गया। इसके अलावा विभिन्न राजनीतिक दलों जैसे झामुमो कार्यालय नाला,भाजपा कार्यालय नाला,राजद कार्यालय गोपालपुर सहित अन्य पार्टियों के कार्यालय में राष्ट्रीय तिरंगा फहराने का कार्यक्रम हुआ। मौके पर प्रखंड प्रमुख कलावती मुर्मू,अंचल अधिकारी मोहम्मद कयूम अंसारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी आकांक्षा कुमारी,उप प्रमुख समर माजी,बीस सूत्री सदस्य उज्जवल भट्टाचार्य, गुलशन अली, पुलिस निरीक्षक राजीव सिंह, थाना प्रभारी प्रदीप राणा, डॉ लियाकत अंसारी, डॉ रामकृष्ण बाबु, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जया देवी, सीडीपीओ ग्लोरिया एक्का, वन क्षेत्र पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार, मुखिया अजित मुर्मू , कनीय अभियंता कुंदन दास, रामजतन मुर्मू , बीपीएम जितेंद्र कुमार पप्पू , धनंजय घोष, शिक्षक बोमनाथ मंडल, उत्तम मंडल, सुरजीत भट्टाचार्य,तीर्थमय मंडल, ऑपरेटर राजेन्द्र कुमार, सैकत भट्टाचार्य, कौशिक भट्टाचार्य, समाजसेवी पंकज झां, गिरधारी ठाकुर, विश्वनाथ दास, पूर्णचंद्र मंडल, अशोक माजी, कैलाश मंडल, चन्द्रमोहन घोष, निमाई घोष सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## जामताड़ा जिले में आन बान और शान से लहराया तिरंगा



**जामताड़ाः** गणतंत्र दिवस पावन एवं पुनीत अवसर पर जिले भर में हर्षोल्लास झंडोतोलन किया गया।
जिले के ऐतिहासिक गांधी मैदान में मुख्य अतिथि माननीय मंत्री, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण सह खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड के द्वारा पैरेड निरीक्षण के उपरांत झंडोतोलन किया गया एवं तिरंगे को सलामी दी गई।
इससे पूर्व प्रोटोकॉल के अनुसार गांधी मैदान में सबसे पहले शहर के विभिन्न स्थानों में अवस्थित महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ ऐहतेशाम वकारिब (भा०पु०से०) एवं तत्पश्चात उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी जामताड़ा श्रीमती कुमुद सहाय (भा०प्र०से०) पहुंचे। उन्होंने शहीद बेदी पर पुष्प अर्पण कर वीर शहीदों को नमन किया एवं सलामी मंच पर पहुंचे।
वहीं निर्धारित समय के अनुसार मुख्य अतिथि माननीय मंत्री डॉ इरफान अंसारी वीर कुंवर सिंह, सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गांधी, बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर, भगवान बिरसा मुंडा एवं सिदो कान्हो प्रतिमा पर माल्यार्पण कर गांधी मैदान पहुंचे एवं शहीद बेदी पर अपना श्रद्धासुमन अर्पित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### शिकारीपाड़ा पुलिस की बड़ी कार्यवाही, भारी मात्रा में कोयला किया जप्त

शिकारीपाड़ा/ दुमका/ राष्ट्र संवाद सं

शिकारीपाड़ा पुलिस की अवैध कोयला पर बड़ी कार्रवाई, आज शाम गस्ती के दौरान हीरापुर क्षेत्र से भारी मात्रा में कोयला जप्त किया है। बताया जा रहा है कि हीरापुर में बोरा में भरा कोयला रखा हुआ था , इसी बीच गस्ती के दौरान शिकारीपाड़ा पुलिस ने कोयला को देखा और जप्त किया और 2 ट्रैक्टर में लादकर थाना ले आई है। बताया जा रहा है कि मोटरसाइकिल में लाद कर कोयला को बाहर ले जाते हैं। और खपाते है।
यह शिकारीपाड़ा पुलिस की अवैध कोयल पर बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है लोग पुलिस की तारीफ कर रहे हैं।

### विदेशी तत्व देश को तोड़ने की साजिश में सक्रियः हर घर से देशभक्त युवा तैयार करने का आह्वान



**ओम प्रकाश शर्मा, जामताड़ा/ मिहिजाम,**

76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित एक सभा में मिहिजाम के प्रख्यात समाजसेवी बिमल हांसदा ने जनता को संबोधित करते हुए देश में सक्रिय विदेशी तत्वों के षड्यंत्र पर कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि कुछ विदेशी ताकतें हमारे देश में राजनीतिक और धार्मिक द्वेष पैदा कर आपसी लड़ाई करवाना चाहती हैं, ताकि भारत को कमजोर कर वे यहां कब्जा जमा सकें। बिमल हांसदा ने युवाओं को जागरूक और सतर्क रहने का आह्वान करते हुए कहा, ₹हर घर से ऐसे युवाओं को तैयार करना होगा जो देश पर बुरी नजर रखने वालों का डटकर मुकाबला कर सकें। हमें उन ताकतों की आंखें निकालने का साहस रखना होगा, जो भारत की एकता और अखंडता को नुकसान पहुंचाना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य युवाओं के हाथों में है और उन्हें न केवल अपने अधिकारों के लिए लड़ना होगा, बल्कि अपने कर्तव्यों का भी पालन करना होगा। हांसदा ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे शिक्षा, नैतिकता और देशभक्ति के मार्ग पर चलें और समाज में एकजुटता बनाए रखें।
गणतंत्र दिवस पर आयोजित इस सभा में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे, जिन्होंने समाजसेवी बिमल हांसदा के विचारों का समर्थन किया और उनके संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।













# पश्चिम बंगाल पुलिस ने फर्जी कॉल सेंटर के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय जालसाजी का भंडाफोड़ किया

**राष्ट्र संवाद ,संवाददाता : ओम प्रकाश शर्मा , कोलकाता,**



पश्चिम बंगाल पुलिस के साइबर क्राइम विंग ने इको पार्क थाना और विधाननगर साइबर थाने के सहयोग से न्यू टाउन में दो अवैध कॉल सेंटर्स का भंडाफोड़ किया। ये कॉल सेंटर्स माइक्रोसॉफ्ट और अन्य प्रसिद्ध कंपनियों के नाम पर 'टेक्निकल सपोर्ट' देने का दावा करते हुए मुख्य रूप से अमेरिकी नागरिकों को ठगते थे।
इन कॉल सेंटर्स के कर्मचारी अमेरिकी नागरिकों को धोखा देकर उनके कंप्यूटर में ह्यवायरसह्न या ह्यसमस्याह्न का बहाना बनाकर उनसे पैसे वसूलते थे। इसके बाद, उन्हें क्रिप्टोकरेंसी और हवाला के माध्यम से पैसा भेजने के लिए मजबूर किया जाता था। पुलिस ने इस मामले में अब तक 15 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं। साथ ही पुलिस ने 62 लैपटॉप, 41 मोबाइल फोन और अन्य जालसाजी में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों को जब्त किया है। इस मामले में आगे की जांच जारी है, जिसमें यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि अपराधियों ने पैसे कहां से और कैसे भेजे थे।
मामला इको पार्क थाना में दर्ज किया गया है और जांच के दौरान पुलिस को कई महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं, जिनसे इस बड़े अंतरराष्ट्रीय जालसाजी नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।
पश्चिम बंगाल पुलिस ने इस घटना के बाद नागरिकों को साइबर अपराधों से सतर्क रहने की अपील की है और कहा है कि किसी भी संदिग्ध कॉल या संदेश का जवाब न दें। साथ ही, नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपनी व्यक्तिगत जानकारी ऑनलाइन साझा करने से बचें और सुरक्षित इंटरनेट उपयोग की आदतें अपनाएं।

## 76वाँ गणतंत्र दिवसः छात्र छात्राओं ने राष्ट्रीय ध्वज को किया सलाम

**फतेहपुर, राष्ट्र संवाद सं**




फतेहपुर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सरकारी व निजी कार्यालयों, संस्थानों व स्कूलों में पूरे हर्षोल्लास व धूमधाम से 76 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया।जिसमें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सर्वप्रथम तिरंगा फहराने का कार्यक्रम प्रखंड सह अंचल कार्यालय फतेहपुर में प्रखंड प्रमुख के द्वारा,सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फतेहपुर में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नवीन कुमार ,प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कार्यालय में बीईओ मिलन कुमार घोष,फतेहपुर थाना में थाना प्रभारी रंजीत प्रसाद गुप्ता, राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय फतेहपुर में प्रधानाध्यापक धर्मराज शर्मा के द्वारा तिरंगा फहराया गया। इस दौरान डिग्री कॉलेज प्राचार्य अमर दास एवं आवासीय बालिका विद्यालय फतेहपुर में तिरंगा फहराया गया। स्वंय सेवी संस्था संवाद कार्यालय फतेहपुर विलसन ऐक्का इसके अलावा विभिन्न राजनीतिक दलों जैसे झामुमो कार्यालय फतेहपुर,भाजपा कार्यालय फतेहपुर, सहित अन्य पार्टियों के कार्यालय में राष्ट्रीय तिरंगा फहराने का कार्यक्रम हुआ। मौके पर बीडीओ प्रेम कुमार दास, सीओ हिम्मतलाल महतो, फतेहपुर थाना प्रभारी रंजीत कुमार गुप्ता,डाँ नवीन कुमार,बीईईओ मिलन कुमार घोष, बिन्दापाथर थाना प्रभारी बालाजी राजहँस सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## गंदे और बदबूदार पानी की हो रही आपूतिः पवन अग्रवाल



**जमशेदपुरः** भालूबासा, पटेलनगर, भूयाडीह,हरिजन बस्ती, कुम्हारपाडा जो लीज एरिया के अंतर्गत बस्तियों में पिछले दो दिनों से गंदे और बदबूदार पानी की नियमित सप्लाई की जा रही है। जिसके कारण आम लोग काफी परेशान हो रहे है। जनता की आवाज बनकर भारतीय जनता पार्टी सीतारामडेरा मंडल द्वारा पवन अग्रवाल के नेतृत्व में बदबूदार पानी को बोतल में लेकर जुस्को कार्यालय जा कर वरीय अधिकारी श्री राजीव कुमार को सौंपा। उनसे पानी पीने का आग्रह किया। अत्यधिक बदबू (मरा हुआ मछली ) की तरह का दुर्गंध वाली पानी मिली। क्वालिटी सर्विस का दावा करने वाली जुस्को और वह भी लीज क्षेत्र में इनकी दावे का पोल खुल रही है। राजीव कुमार ने पानी में आने वाली दुर्गंध को स्वीकार कर तत्काल जांच कराने का आदेश दिया। हरिजन बस्ती और कुम्हारपाड़ा के घरों से पानी का सैंपल लेकर ळ ऊ र मानक की जांच कराई जाएगी।
पवन में तत्काल पानी की गुणवत्ता में सुधार की मांग की।
साथ ही पानी का नए कनेक्शन वाले एफिडिफिट में आम लोगों से पैरा 22 में काफी आपत्तिजनक शर्त जोड़े जाने पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**फतेहपुर, राष्ट्र संवाद सं**



भव्य एवं पारंपरिक वेश में सोमवार से फतेहपुर प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत खामारवाद पंचायत के कालूपहाड़ी गाँव में श्रीमद् भागवत कथा का कलश यात्रा गाजे-बाजे के साथ शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा बजरंगवली मंदिर परिसर से शुरू हुई और काली मंदिर, दुर्गा व गाँव के गली से होते हुए वापस मंदिर परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में 351 कन्यों और महिला श्रद्धालु पीत वस्त्र पहन कर व सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। इस यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं और वैष्णवों ने भक्ति में लीन होकर ह्नहरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे, हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे, ह्व ह्नजय भारत माता, ह्व ह्नजय श्रीकृष्ण, ह्व और ह्नराधारानी की जय ह्व जैसे जयघोष लगाए। पंडित भगीरथ पाठक ने ठाकुर पोखर से कलश में पवित्र जल भरकर वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार विधिपूर्वक कलश स्थापना की। इसी दौरान कथावाचाक राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल नंदन महाराज सह क्षेत्र के पंडित भगीरथ पाठक के नेतृत्व में कथा आयोजन स्थल से पवित्र जलस्त्रोत से जल भरने के साथ शुरू हुई और कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु शामिल रहीं। पवित्र जलस्त्रोत ठाकुर पोखर से कलश को भर कर लाने के बाद कथा आयोजन स्थल पर धार्मिक विधि एवं मंत्रोच्चरण के साथ स्थापित किया गया। आरती के साथ शुरू किए गए श्रीमद् भागवत कथा में गोपाल नंदन महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को सर्वप्रथम इसकी महिमा से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि विश्व में सभी कथाओं में ये श्रेष्ठ मानी गई है। जिस स्थान पर इस कथा का आयोजन होता है, वो तीर्थ स्थल कहलाता है। इसका सुनने एवं आयोजन कराने का सौभाग्य भी प्रभु प्रेमियां को ही मिलता है। ऐसे में अगर कोई दूसरा अन्य भी इसे गलती से भी श्रवण कर लेता है, तो भी वो कई पापों से मुक्ति पा लेता है। इसलिए सात दिन तक चलने वाली इस पवित्र कथा को श्रवण करके अपने जीवन को सुधारने का मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहिए। अगर कोई सात तक किसी व्यवस्तता के कारण नहीं सुन सकता है, तो वह दो तीन या चार दिन ही इसे सुनने के लिए अपना समय अवश्य निकालें। तब भी वो इसका फल प्राप्त करता है, क्योंकि ये कथा भगवान श्री कृष्ण के मुख की वाणी है, जिसमें उनके अवतार से लेकर कंस वध का प्रसंग का उल्लेख होने के साथ साथ इसकी व्यक्ति के जीवन में महत्ता के बारे में भी बताया गया है।

## आजीविका क्रेडिट लिंकेज प्रोग्राम में बतौर मुख्य तौर पर विधान सभा अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो उपस्थित रहे




**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**जामताड़ाः** नाला विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत फतेहपुर में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा आयोजित आजीविका क्रेडिट लिंकेज प्रोग्राम में बतौर मुख्य तौर पर झारखंड विधान सभा के अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो उपस्थित रहें। अध्यक्ष महतो ने संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार के उपक्रम खरछ्ढर की दीदियों ने ग्रामीण क्षेत्र के महिलाओं की आर्थिक प्रगति पर आत्मनिर्भर किया है। जहां उन्हें उन्नत कृषि पद्धतियों और विपणन के नए तरीकों से अवगत कराया गया।साथ ही आयोजित कार्यक्रम में सखी मंडल से जुड़ी महिलाओं को राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### 76वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर बुधुडीह स्थित भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष सुमित शरण ने फहराया तिरंगा

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**



**जामताड़ाः** भाजपा जिलाध्यक्ष सुमित शरण नें जिले वासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारा देश इस वर्ष 76वा गणतंत्र दिवस मना रहा है !यह हमारा राष्ट्रीय त्योहार है इसी दिन 1950 में हमारा संविधान लागू हुआ था तब से भारत एक गणतंत्र देश बन गया !गणतंत्र दिवस हमें अपने संविधान का सम्मान करने की याद दिलाता है !यह दिन हमें हमारे अधिकारों तथा कर्तव्यों की याद दिलाता है ! यह हमें एक बेहतर भारत बनाने के लिए काम करने के लिए प्रेरित भी करता हैआज के दिन नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर एक बड़ी परेड होती है जहां देश के प्रधानमंत्री झंडा फहराते हैं !यह परेड भारत की ताकत,संस्कृति और उपलब्धियों को दिखाती है !बहादुर सैनिको को और नागरिकों को उनके योगदान के लिए सम्मानित भी किया जाता है ! मौके पर मुख्य रूप से भाजपा नेता सुनील हांसदा,विनोद मंडल, दुबराज मंडल,जिला परिषद् अध्यक्ष राधारानी सोरेन,उपाध्यक्ष फूल कुमारी देवी,जिला महामंत्री मितेश शाह,किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री कमलेश मंडल,जिला उपाध्यक्ष सुकुमार सरखेल,जिला मंत्री मोहन शर्मा आदि मौजूद थे।

# आदिवासी टीचर्स एसोसिएशन मंत्री इरफान से मिले, हर समस्याओं का समाधान का संघ ने जताई उम्मीद

**निजाम खान। राष्ट्र संवाद**



जामताड़ाः आदिवासी टीचर्स एसोसिएशन के शिष्ट मंडल संघ के अध्यक्ष दुलाल हांसदा के नेतृत्व में झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी के आवास पर औपचारिक मुलाकात किया। औपचारिक मुलाकात के दौरान शिष्ट मंडल ने मंत्री से कहा की बीते सोहराय पर्व में जो आदिवासियों का सबसे बड़ा पर्व है उसमें मुख्य तालिका में छुट्टी नहीं रहने के कारण आदिवासी टीचर्स अपने आप में काफी दुखी महसूस कर रहे है।शिष्ट मंडल ने मंत्री से कहा की आदिवासी टीचर्स को कई तरह के समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है कहा कि आप से उम्मीद है कि आप आदिवासी टीचर्स को उपेक्षित का शिकार नहीं होने देंगे और हर समस्याओं का त्वरित समाधान भी करेंगे । मौके पर संघ के अध्यक्ष दुलाल हांसदा, सचिव हेमलाल मुर्मू,कोषाध्यक्ष कुमुदनी रुपा टुडु, प्रवक्ता राजेंद्र टुडू, उपाध्यक्ष सुशील मुर्मू ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष नंदलाल सोरेन, सदस्य बलदेव मुर्मू, कृपा शंकर लाल टुडू और संघ के सदस्य जगन्नाथ हेंब्रम सहित आदि संघ के सदस्य मौजूद थे।

# सतनाला से लाइए मानगो तक पानी, सौ साल तक नहीं होगी कमी:सरयू राय

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**मानगो शहरी जलापूर्ति योजना पुनर्गठन कार्य फेज-2 के तहत जलमीनार का सरयू राय ने किया उद्घाटन**

बोले सरयू

**-सरकार उनके इस प्रस्ताव को नहीं मानती तो जनता संघ मिल कर दबाव बनाएंगे**

**-सतनाला से मानगो तक पानी लाने में न के बराबर होगा खर्च**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने कहा है कि अगर सतनाला डैम से मानगो के लिए पानी की व्यवस्था कर दी जाए तो मानगो से लेकर घाटशिला तक अगले सौ साल तक के लिए पेयजल की समस्या खत्म हो जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सतनाला से जो पानी मानगो में आएगा, वह पर्याप्त मात्रा में आएगा और उसकी शुद्धता भी ज्यादा होगी। श्री राय ने घोषणा की कि अगर सरकार उनके इस प्रस्ताव को नहीं मानती है तो वह मानगो की जनता को साथ में लेकर सरकार पर दबाव बनाएंगे। मानगो शहरी जलापूर्ति योजना पुनर्गठन कार्य फेज-2 के तहत जलमीनार का सोमवार को उद्घाटन करने के बाद सरयू राय ने कहा कि वह पहले भी कहते रहे हैं कि सतनाला डैम से पानी लाकर मानगो में जलापूर्ति करने में बहुत ज्यादा खर्च नहीं है। यह खर्च न के बराबर ही होगा। सिर्फ एक टंकी बनानी होगी। सरकार अगर प्रस्ताव को हरी झंडी दे दे तो



दो माह में ही पाइपलाइन बिछाने का कार्य हो जाएगा और पेयजलापूर्ति छह माह के भीतर ही शुरू हो जाएगी।
सरयू राय ने कहा कि आज जिस पानी टंकी का उद्घाटन हुआ है, वह दरअसल एक महत्वाकांक्षी योजना का छोटा हिस्सा था। हम लोगों ने 2018 में इसका शिलान्यास किया था और उम्मीद की थी कि वन विभाग से एनओसी लेने के बाद निर्माण कार्य दो साल के भीतर पूर्ण हो जाएगा। किसी कारण से विलंब हो गया। चुनाव में जब वह फिर से पश्चिमी जमशेदपुर से विजयी हुए तो कारणों का पता लगाया। उसकी चर्चा फिर कभी।
सरयू राय ने कहा कि मानगो में एक अस्पताल बना है। उसे इसलिए चालू नहीं किया जा रहा है, क्योंकि उसके लिए पर्याप्त पानी की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। यह पता चला है कि स्वास्थ्य विभाग अस्पताल में पानी के लिए एक नई योजना पर काम कर रहा है जिसके तहत स्वर्णरेखा नदी से पानी खींच कर लाया जाएगा और अस्पताल चलेगा। श्री राय ने कहा कि सतनाला डैम उंचाई पर है। वहां पानी प्रचुर मात्रा में है। अगर आप वहां सिर्फ पाइप लगा देंगे तो पानी मानगो तक आ जाएगा। अस्पताल को भी भरपूर पानी मिलेगा। अभी की स्थिति यह है कि हम लोग पानी खींचते हैं, उसे ऊपर चढ़ाते हैं, फिर वहां पानी का ट्रीटमेंट होता है, फिर उसे वापस भेजते हैं। तब जाकर हमें पानी मिलता है। राष्ट्रीय सिंचाई नीति में सबसे पहला स्थान पीने के पानी का है। टाटा स्टील भी लोग भी अगर डिमना से पानी लें तो प्रचुर पानी मिलेगा। नदी से पानी खींचने का रेट थोड़ा कम है, नहर से पानी खींचने का रेट थोड़ा ज्यादा है। टाटा स्टील वाले इसमें रुचि नहीं रखते। वो नदी से ही पानी खींचने की तैयारी में रहते हैं। भले ही आम जनता को पानी मिले या ना मिले। हम इन तमाम दिक्कतों से दूर हो जाएंगे, अगर सतनाला डैम का पानी मानगो में पीने के लिए दिया जाता है तब। अगर हमारी इस योजना को मानने के लिए सरकार तैयार नहीं होती है तो मानगो की जनता की तरफ से आवाज उठनी चाहिए कि उन्हें पानी का पर्याप्त और शुद्ध पानी चाहिए।

## सांसद, जमशेदपुर की अध्यक्षता में आहूत हुई जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक

राष्ट्र संवाद संवाददाता

जमशेदपुर में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद, जमशेदपुर श्री विद्युतवरण महतो की अध्यक्षता में आहूत की गई । विधायक जमशेदपुर पश्चिम श्री सरयू राय, विधायक बहरागोड़ा श्री समीर मोहंती, विधायक पोटका श्री संजीव सरदार, जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती बारी मुर्मू, जिला परिषद उपाध्यक्ष श्री पंकज सिन्हा समेत अन्य विधायकगण के प्रतिनिधि, प्रखंड प्रमुख समेत पदाधिकारियों में पीडी आईटीडीए श्री दीपांकर चौधरी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्री अनिकेत सचान, एसडीएम धालभूम श्रीमती शताब्दी मजूमदार समेत अन्य सभी विभागीय पदाधिकारी बैठक में शामिल हुए । बैठक में पूर्व के 'दिशा' की बैठक में दिए गए



निर्देश के आलोक में संबंधित विभागों के साथ अनुपालन एवं प्रगति प्रतिवेदन की विस्तार से समीक्षा की गई । सांसद, जमशेदपुर ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के द्वारा उठाये गए जनहित के मुद्दों पर संवेदनशील होकर कार्य करें तथा जनहित में योजना विलंब न हो और गुणवत्तापूर्ण कार्य हो, इसके लिए संवेदकों की जवाबदेही तय करें, योजनाओं का कियान्वयन ससमय हो, इसे विभागीय पदाधिकारी सुनिश्चित करायें ।
समीक्षा के क्रम में पाइपलाइन जलापूर्ति, सोलर जलमीनार, चापाकल अधिष्ठापन के माध्यम से पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर संचालित योजनाओं का लाभ आमलोगों तक निर्बाध रूप से पहुंचाने तथा सभी योजनाओं की उपयोगिता सुनिश्चित करने के लिए सर्वे करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, तकनीकी दिक्कतों या छोटी-मोटी समस्याओं के कारण किसी योजना में पेयजलापूर्ति बाधित होती हो तो तत्काल ठीक कराने और आवश्कतानुरूप विभाग से समन्वय बनाकर बड़ी समस्याओं के समाधान के लिए पहल करने का निर्देश दिया गया । पेयजल संबंधी शिकायतों का समाधान के लिए शिकायत पंजी की नियमित समीक्षा करते हुए समयबद्ध कार्रवाई का निदेश कार्यपालक अभियंता को दिया गया ।
जनप्रतिनिधियों द्वारा अनियमित विद्युत मीटर रीडिंग लेने तथा जर्जर पोल का मामला समिति के समक्ष रखा गया। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि वैसे उपभोक्ता जिनका तकनीकी कारणों से विद्युत विपत्र निर्गत नहीं हो पाता है, उसका निराकरण कर उन्हें विद्युत विपत्र उपलब्ध करा दिया जाता है ।

## रेलवे एवं अनावाद बिहार सरकार जमीन को सत्यापन करने उपायुक्त को ज्ञापन



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर** : दक्षिण करनडीह पंचायत अंतर्गत झारखण्डनगर बस्ती के भूमि का खाता संख्या 372, प्लॉट संख्या 1133 है को विगत दिनांक 20/01/2025 को वरिष्ठ अनुभाग अभियंता ( कार्य ) भुमि दक्षिण पूर्व रेलवे के द्वारा अतिक्रमण हटाने का नोटिस दिया था, उक्त जमीन को 30 जनवरी 2025 तक खाली करने कहा गया। इस बस्ती में लगभग 450 परिवारों की लगभग 4000 आबादी है जिसमें 3 पंचायतों का 3 3 वार्ड आता है इसके अतिरिक्त भी दक्षिण करनडीह पंचायत का वार्ड संख्या 4 का क्षेत्र शामिल है।
जमीन का जाँच कर रेलवे का क्षेत्र तथा अनाबाद बिहार सरकार का जमीन को सत्यापित करने और इस क्षेत्र के परिवारों को कहीं खाली पड़ी अनाबाद बिहार सरकार की जमीन पर इनका पुर्नवास की व्यवस्था करने उपाय किया जाने की मांग किया है उपायुक्त कार्यालय पहुंची महिलाओं ने न्याय की गुहार लगाई है

## मंत्री स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा निबंधन विभाग, झारखंड रामदास सोरेन ने गोपाल मैदान में किया झंडोतोलन, राज्यवासियों एवं जिलावासियों को दी गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

राष्ट्र संवाद संवाददाता

76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह गोपाल मैदान, बिष्टुपुर में आयोजित किया गया । समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा निबंधन विभाग, झारखंड श्री रामदास सोरेन ने झण्डारोहण किया एवं परेड की सलामी ली । समारोह में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री किशोर कौशल, परियोजना निदेशक आईटीडीए श्री दीपांकर चौधरी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्री अनिकेत सचान, एसडीएम धालभूम श्रीमती शताब्दी मजूमदार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री ऋषभ गर्ग, पुलिस अधीक्षक नगर श्री कुमार शिवाशीष, प्रोबेशनर आईपीएस श्री ऋषभ त्रिवेदी समेत जिला स्तरीय पदाधिकारी शामिल हुए ।
जिला स्तरीय समारोह में परेड का प्रदर्शन एवं झांकी मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहे। परेड में 8 टुकड़ियां शामिल हुई जिसमें एनसीसी बालिका को प्रथम, जिला सशस्त्र पुलिस (पुरूष) को द्वितीय तथा जिला सशस्त्र पुलिस (महिला) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं झांकी में प्रथम स्थान परिवहन विभाग, द्वितीय स्थान सिविल डिफेंस तथा तृतीय स्थान कल्याण विभाग की झांकी को प्राप्त हुआ । इस अवसर पर विजेताओं को



ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया ।
मंत्री द्वारा राष्ट्र की सेवा में वीरता पुरस्कार प्राप्त छह सैनिकों एवं उनके परिजनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया जिनमें एयर कमोडोर बीएस मारवा, वायु पदक (वीरता), कर्नल अरूप रतन बसु, युद्ध सेवा पदक (वीरता), कर्नल राजेश सिंह, शौर्य चक्र, सेना पदक (वीरता), जूनियर वारंट ऑफिसर मोहम्मद जावेद, शौर्य चक्र तथा सिपाही गणेश हांसदा, सेना पदक (मरणोपरांत), सिपाही दिलीप बेसरा, सेना पदक (मरणोपरांत) के परिजनों को सम्मानित किया गया । साथ ही झारखंड आंदोलनकारियों एवं उनके परिजनों को भी माननीय मंत्री ने सम्मानित किया।
इस अवसर पर मंत्री द्वारा सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन/ तथा अपनी जिम्मेदारियों को कर्तव्यनिष्ठा से निभाने वाले जिला प्रशासन के पदाधिकारी व कर्मी, पुलिस सेवा में उत्कृष्ट कार्य के लिए पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल के जवानों को सम्मानित किया गया ।

**डीसी एसएसपी समेत अन्य पदाधिकारियों ने किया झंडोतोलन, राष्ट्रीय झंडे को दी सलामी**

76वें गणतंत्र दिवस पर जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल द्वारा आवासीय कार्यालय, समाहरणालय एवं रेड क्रॉस भवन, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री किशोर कौशल ने आवासीय कार्यालय, एसएसपी कार्यालय एवं पुलिस लाइन, परियोजना निदेशक आईटीडीए श्री दीपांकर चौधरी ने आईटीडीए कार्यालय, अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम श्रीमती शताब्दी मजूमदार ने धालभूम अनुमंडल कार्यालय, घाटशिला अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ श्री सुनील चंद्र, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी श्री पंचानन उरांव ने जिला जनसंपर्क कार्यालय समेत प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में बीडीओ एवं सीओ, थानों में थाना प्रभारी, गैर सरकारी संस्थान व शिक्षण संस्थानों में भी झंडोत्तोलन कर राष्ट्रीय झंडे को सलामी दी गई । जिले भर में हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय पर्व मनाया गया ।

## सेफ द्वारा सड़क सुरक्षा माह का आयोजन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

जमशेदपुरः सेफ्टी अवेयरनेस फॉर एवरीवन (रआए) क्लब और टाटा स्टील द्वारा कुडी महंती सभागार में सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जमशेदपुर के 29 स्कूलों के छात्रों और शिक्षकों ने हिस्सा लिया।
कार्यक्रम का उद्घाटन डीएसपी ट्रैफिक, जमशेदपुर, श्री नीरज कुमार ने किया। उन्होंने यातायात उल्लंघनों के कानूनी पहलुओं और लर्नर्स लाइसेंस की प्रक्रिया पर चर्चा की। टाटा स्टील के चीफ सेफ्टी, श्री नीरज कुमार सिन्हा ने सड़क सुरक्षा परिचर्चा के दौरान डिफेंसिव ड्राइविंग तकनीकों पर जानकारी दी और लापरवाही से वाहन चलाने तथा तेज गति से होने वाले खतरों के प्रति जागरूक किया।
इस अवसर पर सीआईआई यंग इंडियन्स टीम द्वारा एक क्विज का आयोजन भी किया गया, जिसमें रोचक प्रश्नों और केस स्टडीज पर चर्चा हुई।
करीब 300 छात्रों और शिक्षकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।



कार्यक्रम की शुरूआत में जमशेदपुर के हेड वर्कप्लेस सेफ्टी, श्री सुनील कुमार ने वक्ताओं का स्वागत किया, और समापन पर टाटा स्टील के हेड रोड सेफ्टी, श्री उदित वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का समन्वय सेफ्टी एरिया मैनेजर और सेफ की संयोजक, सुश्री मोम मित्रा ने किया।
सेफ वर्तमान में उन 51 स्कूलों में सक्रिय है, जहां टाटा स्टील के कारखाने और खदानें स्थित हैं। सेफ की अध्यक्ष, श्रीमती रुचि नरेंद्रन के नेतृत्व में यह संस्था पूरे वर्ष सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर जागरूकता बढ़ाने और जीवन रक्षक कौशल के व्यावहारिक प्रदर्शन का कार्य करती है।

## जादूगोड़ा रंकणी मंदिर में ब्रह्मर्षि समाज का वन भोज सह परिवारिक मिलन समारोह आयोजित

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**जादूगोड़ा** जादूगोड़ा रंकणी मंदिर के गोद में ब्रह्मर्षि समाज का आज वनभोज सह सम्मेलन समारोह का आयोजन किया गया।इधर इस सम्मेलन में पूरे जिले से ब्रह्मर्षि समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन की अध्यक्षता ब्रह्मर्षि विकास मंच जमशेदपुर के अध्यक्ष विकास सिंह ने की। सम्मेलन में आगामी 22 फरवरी को स्वामी सहजानंद सरस्वती की 136 वी जयंती जमशेदपुर के ब्रह्मर्षि भवन कदमा में मानने का फैसला किया गया।इसके पूर्व सभी अतिथियों का शॉल ओढ़कर उपेंद्र शर्मा ने स्वागत किया।
इधर कार्यक्रम की सफलता को लेकर स्वामी सहजानंद सरस्वती कल्याण संस्थान कदमा के अध्यक्ष दीपू सिंह ने सभी ब्रह्मर्षियों को कार्यक्रम में आने का आह्वान किया। इसके पूर्व जय परशुराम के नारों से गूंज उठा जादूगोड़ा।इस बाबत आयोजक दीपू सिंह ने कहा कि स्वामी सहजानंद सरस्वती की 136 वी जयंती 2015 में शुरू की गई थी।इस बार बड़ा स्तर पर कार्यक्रम होगा। जिसमे ब्रह्मर्षि समाज के एक झारखंड से एक मात्र सांसद कालीचरण सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता , सांसद विधुत महतो समेत दिल्ली समेत अन्य राज्यों कई गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया जाएगा।

**कार्यक्रम में उपस्थित लोग**

इस कार्यक्रम में ब्रह्मर्षि समाज की ओर से उपेंद्र शर्मा, संदीप शर्मा,चंद्रदेव भूषण सिंह,आर एन विद्यार्थी,श्रीनिवास सिंह( जादूगोड़ा) श्रीनिवास सिंह( तूरामडीह) सुधीर कश्यप,वही जमशेदपुर से ब्रह्मर्षि विकास मंच के अध्यक्ष विकास सिंह, दीपू सिंह, उमानाथ सिंहचुलबुल, विकास चंद्रा,सतेंद्र कुमार, उदय शर्मा,जय कुमार सिंह,धनंजय राय समेत जादूगोड़ा, नरवा पहाड़, सुंदरनगर व तूरामडीह के ब्रह्मर्षि समाज के लोगों ने हिस्सा लिया।

## सामाजिक एकता, शांति और समृद्धि के मिलकर प्रयास करना बेहद आवश्यक : काले

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने कई स्थानों पर राष्ट्र ध्वज फहराया**

**जमशेदपुर** : राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर झारखंड भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने शहर के विभिन्न स्थानों पर राष्ट्र ध्वज फहराया। इस दौरान उन्होंने स्वर्ण महासंघ फाउंडेशन बागबेड़ा, लाल बिल्डिंग, भारत सेवाश्रम प्रणवानंद आवासीय विद्यालय सोनारी, जूनियर ब्लॉक बी.एस.एस प्रणव चिल्ड्रेन वर्ल्ड सीनियर सेकेंडरी इंग्लिश मीडियम स्कूल, भक्तीनगर सामुदायिक भवन बमार्माइंस, भक्तीनगर बमार्माइंस, तिनप्लेट खालसा मध्य विद्यालय, सीनियर सिटीजन कमेटी बारीडीह पार्क, लोक सेवा एकता संघ बागुनहातु, श्री श्री विजय बजरंग मंदिर जंबू अखाड़ा भालूबासा सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर राष्ट्रध्वज फहराया।
भारतीय गणराज्य की स्थिरता और



उन्नति में योगदान देने वाले सभी महान व्यक्तित्वों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपने संबोधन में अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि हमें समाज में फैली कुरीतियों, असमानताओं और भेदभाव को जड़ से खत्म करना होगा। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्र में जागरूकता फैलाएं और समाज को एक नई दिशा देने में योगदान करें।
श्री काले ने इस बात पर जोर दिया कि एक सशक्त और समान समाज के निर्माण के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें अपने कर्तव्यों को समझने और राष्ट्र की सेवा में समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर उन्होंने समाज में सामाजिक एकता, शांति और समृद्धि के लिए सबको एकजुट होने की अपील की।

## सार-संक्षेप

### गोविंदपुर थाना क्षेत्र में बंद फ्लैट में लाखों की चोरी



राष्ट्र संवाद संवाददाता
गोविंदपुर थाना क्षेत्र के हरकिशन कॉलोनी स्थित फ्लैट नंबर डी1 में रहने वाले जितेन कुमार सिंह के बंद फ्लैट से करीब ढाई लाख रुपए के सामानों की चोरी रविवार की रात हो गई। जितेन कुमार सिंह अपने परिवार के साथ टेल्को में रहते हैं। जबकि 2023 में उक्त फ्लैट में गृह प्रवेश कराया था। जिसके बाद से फ्लैट बंद ही रहता था। सोमवार की सुबह जीतेन को फ्लैट से चोरी की जानकारी हुई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। फ्लैट में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरों की तसवीर कैद हो गई है। चोर घर के सामान लेकर भागते दिख रहे हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के सहारे बदमाशों की पहचान कर रही है।

### तैलिक साहू महासभा के जिलाध्यक्ष ने पांच स्थानों पर किया झंडोत्तोलन

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के जिलाध्यक्ष राकेश साहू द्वारा 76 वॉ गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर पांच स्थानों पर झंडोत्तोलन किया गया। साकची भामाशाह चौक, बागबेड़ा गणेश नगर मैदान, काशीडीह लाईन 1 शिव मंदिर के पास, भुइयांडीह साहू लाईन एवं बिरसानगर जोन नंबर 5 में राकेश साहू ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

### पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार ने आठ स्थानों पर किया झंडोतोलन

राष्ट्र संवाद संवाददाता



रविवार को 76वें गणतंत्र दिवस के मौके पर भाजपा नेता दिनेश कुमार ने शहर के आठ स्थानों पर झंडोतोलन किया और राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दिया. पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस, हमारे आधारभूत मूल्यों और सिद्धांतों को स्मरण करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है. उन्होंने लोगों को संवैधानिक अधिकार और कर्तव्यों का बोध कराया और कहा कि हम सिर्फ अपने अधिकारी की चिंता नहीं करनी चाहिए हमे कर्तव्यों का पालन भी करना चाहिए साथ ही उन्होंने कहा कि संविधान के प्रति आदर भाव और सच्ची श्रद्धा रखना हर भारतीय का परम कर्तव्य है.
पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार ने टुइलाडुंगरी स्थित कालिंदी कल्याण समिति के भवन में गोलमुरी स्थित जेवियर्स इंग्लिश स्कूल, बजरंग नगर में वीर भगत सिंह बॉयज क्लब, बागुनहातु में बस्ती विकास समिति, श्री श्री शिव मंदिर राहरगोडा, अखिल भारतीय गंडा समाज के द्वारा नेहरू कॉलोनी में, यात्रा एक नई जीवन की शुरूआत के कार्यालय टेल्को में और सी पी समिति मध्य विद्यालय केबुलबस्ती के आयोजित समारोह में झंडोतोलन किया.

### एस. डी. एस. एम. स्कूल फॉर एक्सीलेंस विद्यालय में 76वाँ गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन



राष्ट्र संवाद संवाददाता
एस. डी. एस. एम. स्कूल फॉर एक्सीलेंस विद्यालय के प्रांगण में 76वाँ गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर विद्यालय प्राचार्या श्रीमती मौसमी दास ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने एक प्रेरणादायक संबोधन दिया, जिसमें उन्होंने छात्रों से हमारे देश के विकास के लिए स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति आभार व्यक्त करने को कहा। उन्होंने स्वर्णिम भारत, विरासत और विकास, विषय पर जोर दिया। उन्होंने दोहराया कि पहले ह्यद्यदेश, राज्य, स्कूल और फिर मैंह्यद्य एवं कहा कि देश का विकास देशभक्ति की भावना पर निर्भर करता है। उन्होंने राष्ट्रीय नेताओं और शहीदों के प्रयासों और बलिदानों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें उस क्षण को संजोना चाहिए, विरासत की रक्षा करनी चाहिए और उसे आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने छात्रों को तज्ञता व्यक्त करने और स्वतंत्रता को संजोने, रक्षा करने और विरासत को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया।
बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत और नृत्य प्रस्तुत करने से स्कूल देशभक्ति के जोश से गूंज उठा। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं अभिभावकगण उपस्थित थे।

### एक साल पहले ही किस्त पूरा, फिर भी NOC देने से इनकार



राष्ट्र संवाद संवाददाता
**जमशेदपुर**/ मानगो के रहने वाले हसन इमाम ( स्टार ट्रेलर ऑनर ) ने टाटा मोटर्स फाइनेंस लिमिटेड से गाड़ी लोन नंबर 5002530259 फाइनेंस करवाई थी जिसकी एक साल पहले ही किस्त पूरा कर दिया गया है पर NOC के नाम पर रोज गोल मटोल एवं और असंसदीय भाषा का प्रयोग किया जा रहा है। इस बात की जानकारी होने पर कोल्हान ट्रक एंड ट्रेलर ऑनर एसोसिएशन के सदस्यों ने ब्रांच ऑफिस पर जबरदस्त हंगामा किया। वही संस्था के अध्यक्ष हसन खा ने बताया कि हमे फोन के द्वारा रोज लोकल गुंडो से धमकाया और डराया जा रहा है

### सेंट मेरीज हिंदी हाई स्कूल, बिस्टुपुर में संदीप मुरारका ने किया झंडोत्तोलन

राष्ट्र संवाद संवाददाता
**जमशेदपुरः** सेंट मेरीज हिंदी हाई स्कूल, एन रोड बिस्टुपुर में लेखक संदीप मुरारका ने झंडोत्तोलन किया. उसके बाद उन्होंने छात्र छात्राओं के परेड की सलामी ली. संदीप ने संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे जिस क्षेत्र में भी जाएं, वहीं के नेतृत्वकर्ता बने. उन्होंने कहा कि भविष्य में रोजगार का चयन करते समय केवल अपने और अपने परिवार के लिए ना सोचें बल्कि याद रखें कि समाज के प्रति भी आपकी जिम्मेदारी है. गणतंत्र दिवस के इस अवसर पर स्कूल सचिव फादर जयराज, प्रधानाध्यापिका सिस्टर जॉयस कुल्लू ए सी, उप प्रधानाध्यापिका सिस्टर नीलमणि, शिक्षिका बेलीना जोसफ उपस्थित थे.

## संपादक की कलम से

# नए दृष्टिकोण से संविधान को समझने की प्रेरणा देता है प्रधानमंत्री का संदेश

देवानंद सिंह




गणतंत्र दिवस भारत के राष्ट्रीय उत्सवों में सबसे महत्वपूर्ण और सम्मानित दिवसों में से एक है। यह दिन न केवल हमारे संविधान की स्वीकृति की याद दिलाता है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र के मूल्यों को भी मजबूत करता है। इस दिन भारत ने 1950 में अपने संविधान को अंगीकार किया था और तब से यह दिन हमारे लोकतांत्रिक अस्तित्व और स्वतंत्रता का प्रतीक बन गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दिन अपने संदेश में जिस गहरी समझ और दृष्टिकोण से बात की, उसने हमें हमारे संविधान की शक्ति, उसकी संस्कृति और उसकी दिशा को फिर से समझने का एक अवसर प्रदान किया है।

प्रधानमंत्री ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर जो संदेश दिया, उसमें उन्होंने संविधान की ताकत और उसकी सांस्कृतिक गहरी जड़ों का उल्लेख किया। उनका यह विचार कि संविधान न केवल एक कानूनी दस्तावेज है, बल्कि यह भारतीय समाज की गहरी सांस्कृतिक और सामाजिक धारा को भी समाहित करता है, जो बहुत ही महत्वपूर्ण है। संविधान में निहित मूल्यों की बात करते हुए पीएम मोदी ने यह स्पष्ट किया कि यह केवल एक कागजी संकलन नहीं है, बल्कि यह हमारे लोकतंत्र, समानता और स्वतंत्रता की भावना का प्रतीक भी है। यह बात न केवल आज के समय में, बल्कि संविधान के निर्माण के समय में भी उतनी ही प्रासंगिक थी।

गणतंत्र दिवस का यह दिन हमें संविधान निमार्ताओं की याद दिलाता है जिन्होंने हमें एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र बनाने का मार्ग दिखाया। ये महान विभूतियां, जिनमें डॉ. भीमराव अंबेडकर, सरदार पटेल, जवाहरलाल नेहरू, और अन्य कई प्रमुख हस्तियां शामिल हैं, न केवल संविधान के निर्माण में शामिल थीं, बल्कि उन्होंने भारतीय लोकतंत्र को स्थिर और मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाई। इन नेताओं का योगदान आज भी हम पर भारी पड़ता है, क्योंकि उनके विचारों और कार्यों ने भारतीय समाज को एक ऐसी दिशा दी जो एकता, समानता और स्वतंत्रता के सिद्धांतों पर आधारित थी।

प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में संविधान के मूल्यों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। संविधान में न केवल लोकतंत्र की मजबूती का खाका तैयार किया गया है, बल्कि इसके माध्यम से यह भी सुनिश्चित किया गया है कि देश के हर नागरिक को समान अधिकार और स्वतंत्रता मिल सके। संविधान की यह विशेषता भारतीय लोकतंत्र को एक समृद्ध और स्थिर लोकतंत्र बनाने के लिए अनिवार्य है। यह हमें याद दिलाता है कि भारतीय समाज को विविधताओं से भरा हुआ माना जाता है और संविधान ने हमें इस विविधता में एकता की भावना को बनाए रखने की दिशा दी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह संदेश हमें एक नए दृष्टिकोण से संविधान को समझने की प्रेरणा देता है। उनका कहना था कि इस दिन हमें अपने संविधान के मूल्यों की याद दिलाई जाती है और यह समय है, जब हम अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का आकलन करें। संविधान ने हमें जो अधिकार दिए हैं, उनका पालन करना और उसे संरक्षित करना हम सभी का कर्तव्य है। यह कर्तव्य केवल शासन और सरकारी तंत्र पर नहीं, बल्कि हर नागरिक पर निर्भर करता है। भारतीय लोकतंत्र की मजबूती तभी संभव है, जब हम संविधान के दायरे में रहते हुए अपने देश के हित में काम करें।

गणतंत्र दिवस का दिन केवल एक उत्सव नहीं है, बल्कि यह दिन हमें यह सोचने और समझने का भी अवसर प्रदान करता है कि हम सभी मिलकर देश की प्रगति और समृद्धि में अपना योगदान कैसे दे सकते हैं। पीएम मोदी ने इस दिन को एक नए संकल्प का समय बताया है। उनका कहना था कि यह राष्ट्रीय उत्सव हमें हमारे साझा उद्देश्य की ओर कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है। यह दिन हमें यह समझाता है कि जब हम एकजुट होकर संविधान के सिद्धांतों के तहत काम करते हैं, तो ही हम देश के विकास और समृद्धि की दिशा में ठोस कदम उठा सकते हैं।

प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में यह भी कहा कि आज का दिन हमें यह याद दिलाता है कि हम सभी को मिलकर संविधान की रक्षा करनी है। निश्चित रूप से पीएम का यह वक्तव्य बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि आजकल संविधान के बारे में सवाल उठाए जा रहे हैं और इसके मूल्यों की पुष्टि करने की आवश्यकता महसूस हो रही है। हालांकि, संविधान के मूल सिद्धांत स्थिर हैं, लेकिन उन्हें सही तरीके से लागू करना और उनके प्रति हमारी प्रतिबद्धता को बनाए रखना बहुत जरूरी है। यह जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं है, बल्कि हर नागरिक की भी है। हम सभी को संविधान के प्रति अपनी निष्ठा और कर्तव्यों को समझना होगा ताकि हमारे समाज में लोकतंत्र, स्वतंत्रता और समानता की भावना को मजबूत किया जा सके।

गणतंत्र दिवस हमें यह सिखाता है कि हम संविधान के दायरे में रहते हुए अपने देश की भलाई के लिए काम करें। यही वह समय है, जब हम यह विचार करें कि हम किस तरह अपने कर्तव्यों का पालन कर सकते हैं और अपने समाज और राष्ट्र को बेहतर बना सकते हैं। यह संकल्प हमारे संकल्पों की दिशा को स्पष्ट करता है और हमें यह प्रेरणा देता है कि हम एक सशक्त और समृद्ध भारत की दिशा में अपने कार्यों को प्राथमिकता दें। पीएम मोदी का यह विचार पूरी तरह से सही है कि गणतंत्र दिवस न केवल हमारी स्वतंत्रता का प्रतीक है, बल्कि यह हमारे साझा उद्देश्यों की ओर कदम बढ़ाने का एक अवसर भी है।

इस अवसर पर हमें यह याद रखने की आवश्यकता है कि संविधान का मुख्य उद्देश्य केवल अधिकारों का निर्धारण करना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि समाज में समानता, स्वतंत्रता और न्याय की भावना को प्रोत्साहित किया जाए। यह दिन हमें यह भी याद दिलाता है कि संविधान के अनुशासन में रहते हुए हम एक बेहतर समाज और राष्ट्र बना सकते हैं। गणतंत्र दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं है, बल्कि यह हमारी जिम्मेदारी और कर्तव्यों की पुनरावृत्ति भी है।

कुल मिलाकर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गणतंत्र दिवस पर दिया गया संदेश हमारे संविधान की शक्ति, उसकी गहरी संस्कृति और उसकी दिशा को समझने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि हम सभी को मिलकर हमारे संविधान की रक्षा करनी है और उसे लागू करते हुए एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र की दिशा में काम करना है। संविधान के उन मूल्यों को संरक्षित करना हमारा कर्तव्य है, ताकि भारतीय लोकतंत्र को और अधिक स्थिर, समृद्ध और प्रभावी बनाया जा सके। गणतंत्र दिवस का दिन हमें हमारे कर्तव्यों और जिम्मेदारियों की याद दिलाता है और यह हमें एक बेहतर समाज और राष्ट्र बनाने के लिए प्रेरित करता है।



# कांग्रेस की विभाजनकारी राहों से जुड़े खतरे

ललित गर्ग

कांग्रेस पार्टी की नीति हमेशा से विभाजनकारी रही है। इनका एजेंडा ही रहा है देश में जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र के नाम पर बंटवारा करके अराजकता का माहौल बनाना। इसके लिये वह कभी संविधान को खतरे में बताती है तो कभी जातिगत जनगणना की मांग करती है। एक बार फिर डॉ. भीमराव आंबेडकर की जन्मस्थली महू में रैली के दौरान कांग्रेस ने जिस तरह इस पर जोर दिया कि संविधान पर हमला किया जा रहा है और महात्मा गांधी का अपमान किया जा रहा है, उससे उसकी विचारशून्यता एवं राजनीति अपरिपक्वता ही प्रकट नहीं हो रही है,, बल्कि देश को बांटने की मानसिकता भी उजागर हो रही है। यदि कांग्रेस के रणनीतिकार एवं नेता यह समझ रहे हैं कि वे संविधान के संदर्भ में भय का भूत खड़ा करने और भाजपा एवं संघ के नेताओं के बयानों को तोड़-मरोड़कर पेश करने से देश की जनता को गुमराह करने, बरगलाने में समर्थ हो जाएंगे तो ऐसा अब होने वाला नहीं है। उलटे इस क्रम में कांग्रेस की विश्वसनीयता और अधिक गिर सकती रही है और वह हास्यास्पद स्थिति का शिकार होकर अपनी राजनीतिक जमीन को कमजोर ही कर रही है। ऐसा हरियाणा, महाराष्ट्र के चुनावों में हुआ है और अब दिल्ली के विधानसभा चुनाव भी ऐसे ही होते हुए दिख रहे हैं।

संविधान के खतरे में होने के कांग्रेस के दुष्प्रचार का लाभ भले ही कुछ सीमा तक लोकसभा चुनाव मिला हो, लेकिन हर बार मतदाता ऐसे नारों एवं दुष्प्रचार में गुमराह नहीं होने वाला है। वैसे भी काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती। कांग्रेस इस बात को भी तूल दे रही है कि महात्मा गांधी के साथ डॉ. आंबेडकर का अपमान किया जा रहा है। ये ऐसी बातें हैं, जिनका कोई मूल्य-महत्व नहीं। यह सब अंधेरे में तीर चलाने जैसा है। यह असत्य एवं झूठ की राजनीति है। कांग्रेस भले ही सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने की बातें कर रही हो, लेकिन सच यह है कि वह सामाजिक विभाजन की खाई को चैड़ा करते हुए देश को जोड़ने नहीं, बल्कि तोड़ने में जुटी हुई है। अब मतदाता समझदार हो चुका है, वह ऐसे झूठे प्रचार में बार-बार नहीं आने वाला है। कांग्रेस सामाजिक न्याय की बात करते हुए भाजपा के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को भी निशाने पर ले रही है, लेकिन कांग्रेस की इन कुचालों का भाजपा एवं आरएसएस करारा जबाव दे रहे हैं।

संविधान के खतरे में होने के कांग्रेस के दुष्प्रचार का लाभ भले ही कुछ सीमा तक लोकसभा चुनाव मिला हो, लेकिन हर बार मतदाता ऐसे नारों एवं दुष्प्रचार में गुमराह नहीं होने वाला है। वैसे भी काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती। कांग्रेस इस बात को भी तूल दे रही है कि महात्मा गांधी के साथ डॉ. आंबेडकर का अपमान किया जा रहा है। ये ऐसी बातें हैं, जिनका कोई मूल्य-महत्व नहीं। यह सब अंधेरे में तीर चलाने जैसा है। यह असत्य एवं झूठ की राजनीति है। कांग्रेस भले ही सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने की बातें कर रही हो, लेकिन सच यह है कि वह सामाजिक विभाजन की खाई को चैड़ा करते हुए देश को जोड़ने नहीं, बल्कि तोड़ने में जुटी हुई है। अब मतदाता समझदार हो चुका है, वह ऐसे झूठे प्रचार में बार-बार नहीं आने वाला



है। कांग्रेस सामाजिक न्याय की बात करते हुए भाजपा के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को भी निशाने पर ले रही है, लेकिन कांग्रेस की इन कुचालों का भाजपा एवं आरएसएस करारा जबाव दे रहे हैं।

गत दिवस ही संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कांग्रेस एवं उसके नेता राहुल गांधी को नसीहत देते हुए कहा- बंधुभाव ही असली धर्म है। यही बात डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर ने संविधान-प्रस्तुति के समय अपने भाषण में भी समझाई है। भागवत ने कहा- समाज आपसी सद्भावना के आधार पर काम करता है। इसलिए मतभेदों का सम्मान किया जाना चाहिए। प्रकृति भी हमें विविधता देती है। वे विविधता को जीवन का हिस्सा मानते हैं। उन्होंने कहा कि आपकी अपनी विशेषताएं हो सकती हैं, लेकिन आपको एक-दूसरे के प्रति अच्छा व्यवहार करना चाहिए। अगर आप जीना चाहते हैं, तो आपको एक साथ रहना चाहिए। लेकिन कांग्रेस वर्तमान में ही नहीं, बल्कि अतीत में भी विभाजनकारी नीति को बल देते हुए भारतीय इंसानों को बांटती रही है। गांधीजी ने आजादी के बाद ही यह बात समझ ली थी। इसीलिए गांधीजी ने कहा था कि कांग्रेस को खत्म कर देना चाहिए। लेकिन कांग्रेस गांधी के अनुसार तो खत्म नहीं हुई लेकिन देश में विभाजनकारी नीति के कारण जनता द्वारा नकारी जा रही है, खत्म होने के कगार पर पहुंच रही है।

कांग्रेस भारत की ह्यसर्वजन हिताय सर्वजन सुखायह्ण की भावना को दबा रही है, सनातन परंपरा को दबा रही है। अनेक वर्षों तक दिल्ली पर राज करने वाली कांग्रेस सत्ता में वापस आने के लिए इतनी बेचैन है कि वो हर दिन नफरत, द्वेष एवं घृणा की राजनीति कर रही है। कांग्रेस सांप्रदायिकता और जातिवाद के विष को दिल्ली चुनाव में भी उडेल रही है। हिंदू समाज को तोड़ना और उसे अपनी जीत का फॉमूर्ला बनाना ही कांग्रेस की राजनीति का आधार है और यही उसको रसातल में ले जा रहा है। कांग्रेस की जातिगत जणगणना की मांग भी उसकी विभाजनकारी नीति को ही दशार्ती है। मोदी सरकार जनगणना कराने की तैयारी कर रही है। सरकार के सामने समस्या केवल यह नहीं है कि जनगणना शीघ्र कराई जाए बल्कि मूल समस्या यह है कि कांग्रेस की जाति आधारित जनगणना की मांग का सामना कैसे किया जाए। विपक्षी दल और विशेष रूप से कांग्रेस जातिगत जनगणना पर जोर दे रही है, जो केवल संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थों के इरादे से की जा रही है। जातिगत जनगणना का उद्देश्य समाज को चुनावी लाभ के लिए जातियों में गोलबंद करना और जातिगत आरक्षण को तूल देकर वोटबैंक की राजनीति को धार देना है। इसकी पुष्टि विपक्षी नेताओं और विशेष रूप से राहुल गांधी के ऐसे बयानों से होती है कि अमुक-अमुक जाति के लोगों को दबाया जा रहा है। यह और कुछ नहीं, समाज को जानबूझकर बांटने की घातक चेष्टा है।

यह सही है कि भारतीय समाज जातियों में विभाजित रहा है, लेकिन अब जब यह विभाजन लगातार कम होता जा रहा है, तब जाति जनगणना कराकर जाति की राजनीति करने वालों को सामाजिक विभाजन का अवसर नहीं दिया जाना चाहिए। क्योंकि यह जातीय वैमनस्य को ही हवा देगा और इससे विभाजनकारी प्रवृत्तियों के सिर उठाने का ही खतरा है। जातिगत जनगणना बेहद जटिल होने के साथ विभाजनकारी भी है। यही कारण है कि 2011 में मनमोहन सरकार ने जाति जनगणना कराने के बाद भी उसके आंकड़े सार्वजनिक करना सही नहीं समझा था। क्योंकि कई ऐसी जातियां हैं, जिनकी एक राज्य में सामाजिक और आर्थिक हैसियत दूसरे राज्य से बिल्कुल भिन्न है। इतना ही नहीं, कहीं उनकी गिनती अनुसूचित जाति में होती है तो कहीं पिछड़ी जाति में। जाति जनगणना के पीछे यह तर्क दिया जाता है कि पिछड़ेपन का एकमात्र आधार जाति है। एक समय ऐसा था, लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। आज शहरों में किसी को इससे मतलब नहीं कि कौन किस जाति का है। जाति जनगणना कराने का मतलब होगा देश को फिर से जातीय विभाजन की ओर ले जाना। इससे बचने में ही समझदारी है।

कांग्रेस एवं विपक्षी दलों का मोदी और भाजपा के विरोध के अलावा कोई साझा उद्देश्य नहीं है, उलटे उनमें दलगत हितों और महत्वाकांक्षाओं का तल्ख टकराव है। दो लोकसभा चुनावों में हाशिये पर रहे विपक्षी दल तीसरे चुनाव के लिए एक साथ तो आए, पर मकसद पूरा न होने पर वापस अपनी-अपनी राह चलने को बेताब हैं। लोकसभा चुनाव में भी बंगाल, केरल और पंजाब में मित्र दल आपस में ही जोर आजमाइश कर रहे थे। अब दिल्ली में भी कांग्रेस और आप अलग-अलग ताल ठोंकते दिख रहे हैं। दिल्ली में कांग्रेस के तेवरों से साफ है कि मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से रोकने में नाकामी के बाद उसने शायद अपने पुनरुत्थान के लिये दिल्ली के चुनाव को आधार बना लिया है। इसमें कोई बुराई नहीं, पर यह काम आसान नहीं। दशकों तक देश और प्रदेशों पर एकछत्र राज करने वाली कांग्रेस की दुर्दशा अचानक नहीं हुई। बेशक उसका ऐतिहासिक चुनावी पराभव 2014 में हुआ, लेकिन अपनी कमजोरियों-गलतियों एवं विभाजनकारी नीतियों से वह बहुत पहले से जर्जर होने लगी थी। कांग्रेस न केवल खुद को बल्कि इंडिया गठबंधन को भी जर्जर बना दिया है, गठबंधन का स्लोगन था, जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया, लेकिन देश को दिखाए गए उन सपनों का सच डेढ़ साल में सामने आ गया। तनातनी पहले भी दिखती रही, लेकिन दिल्ली विधानसभा चुनाव में बात आर-पार तक पहुंच गई। यह एक पुरानी कहावत है कि देश जैसी सरकार के योग्य होता है, वैसी ही सरकार उसे प्राप्त होती है ह्न दिल्ली में भी ऐसी ही सरकार बनेगी जो दिल्ली के हितों को प्राथमिकता दे, न कि विभाजन को।

# सात्विक राजनीति के उन्नायक बन कर उभरे योगी आदित्यनाथ

आचार्य संजय तिवारी

सनातन संत के संयोजन में प्रयागराज कुंभ का अद्भुत स्वरूप उभर रहा है। वैश्विक पटल पर सनातन की गूंज है। विश्व आश्चर्यचकित है। कई देशों की उतनी आबादी नहीं है जितने श्रद्धालु प्रतिदिन पवित्र त्रिवेणी में स्नान कर रहे हैं। जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिसंबर में कुंभ का आरंभ किया उसके बाद की व्यवस्था सम्भाल रहे योगी आदित्यनाथ वास्तव में सात्विक शासक बन कर उभरे हैं। इसे सात्विक राजनीति का उन्नयन काल भी कहा जा सकता है। एक तरफ विश्व संत्रस्त है। अनेक देश युद्ध की विभीषिका में घिरे हैं। मानवता कराह रही है। स्त्रियों, वृद्धों, मासूम बच्चों की लाशें गिनती से बाहर हैं। पश्चिम में बारूद ही बारूद है। भारत के पास पड़ोस में भी बारूदी धुएं से वातावरण दूषित है। मनुष्य ही मनुष्य का दुश्मन बनकर रक्तपिपासु हो गया है। कई वर्षों से आसमान में तोप, रॉकेट और सुपरसोनिक युद्धक विमान कोहराम मचाए हुए हैं। ऐसे माहौल में भारत की सनातन संस्कृति अपने सृष्टि पर्व के माध्यम से विश्व के कल्याण का उदघोष कर रही है।

सनातन संत परंपरा और सात्विक राजनीति के उन्नायक योगी आदित्यनाथ के संयोजन में प्रयागराज के त्रिवेणी तट से जो संदेश विश्व को प्रसारित हो रहा है वह नए भारत के प्राचीन गौरव के साथ बहुत कुछ कह रहा है। योगी आदित्यनाथ ने इस महा आयोजन को उतना ही गौरवशाली बना दिया है। योगी के अथक परिश्रम से यह कुंभ विश्व को भारत के सात्विक सनातन और समन्वय की राजनीति का भी संदेश दे रहा है। यह भारत के अध्यात्म की ध्वज तरंग को डिग दिगंत तक प्रसारित करने वाला है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि सभी अखाड़ों, संप्रदायों, जगद्गुरुओं और शंकराचार्यों के साथ ही समस्त नागा एवं संत समाज इस समय योगी आदित्यनाथ के इस परिश्रम और उनके दिव्य संयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा कर रहा है। ऐसा पहली बार हो रहा है कि समस्त विद्वत और संत समाज एक स्वर से अपने शासक की तारीफ कर रहा हो। भारत की प्राण मां गंगा, यमुना और सरस्वती के पवित्र त्रिवेणी तट पर प्रयागराज में करोड़ों लोग आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। यह अद्भुत है। प्रधानमंत्री मोदी का विश्वगुरु भारत का सपना साकार हो रहा है। प्रयाग की धरती से भारत विश्व को मानवता और लोक कल्याण का संदेश दे रहा है। भारत की संस्कृति, अध्यात्म और आस्था के आगे विश्व नतमस्तक है। धरती का हर कोना प्रयागराज से आकर्षित है। सभी यहां आना चाहते हैं। सभी पवित्र त्रिवेणी में डुबकी भी लगाना चाहते हैं। यह वास्तव में विश्व के अन्वेषकों और चिंतनशील शोधार्थियों के लिए कौतुक जैसा है।

ऐसा क्यों है, यह विचारणीय है। अभी कुछ ही दिन हुए, 26 दिसंबर 2024 को द हिंदू ने हिंसाग्रस्त विश्व के हालातों पर एक रिपोर्ट प्रकाशित की थी। इस रिपोर्ट में कहा गया कि वर्ष 2024 में कई ऐसे अंतरराष्ट्रीय संघर्ष हुए, जिन्होंने भू-राजनीतिक परिदृश्य और वैश्विक स्थिरता को चुनौती दी। यूक्रेन में चल रहे युद्ध से लेकर मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव तक , इस वर्ष गठबंधनों में बदलाव और विनाशकारी सैन्य अभियान देखने को मिले। इन संकटों का प्रभाव उनके तत्काल क्षेत्रों से कहीं आगे तक फैला, जिसने दुनिया भर में राजनयिक संबंधों और रणनीतिक प्राथमिकताओं को प्रभावित किया। रिपोर्ट में कहा गया कि बीते वर्ष की शुरूआत रूस द्वारा यूक्रेन के विरुद्ध 2022 के युद्ध को जारी रखने के साथ हुई , जिसका उद्देश्य उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) को अपनी सीमाओं की ओर बढ़ने से रोकना था। गाजा पट्टी, लेबनान और लेबनान का खूनखराबा सामने है। हमास, हिजबुल्ला, हूथी का खौफनाक चेहरा दुनिया देख रही है। इजराइल सबसे मुकाबला कर रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के साथ ही यूक्रेन को अमेरिका से मिलने वाले समर्थन में बदलाव आने की संभावना बनी। इस बीच, क्षेत्र में ईरानी प्रॉक्सी कमजोर हो गए हैं, जिससे इजराइल को अपनी क्षेत्रीय स्थिति को और मजबूत करने का मौका मिल गया है। 12 दिसंबर 2024 से पहले के 12 महीनों के लिए 10 देशों को चरम संघर्ष वाले देशों की श्रेणी में रखा गया है। ये हैं - फिलिस्तीन, म्यांमार, सीरिया, मैक्सिको, नाइजीरिया, ब्राजील, लेबनान, सूडान, कैमरून और कोलंबिया। 2024 में साल एक जनवरी से 13 दिसंबर तक, युद्ध, विस्फोट, दूरस्थ हिंसा और नागरिकों के खिलाफ हिंसा में 200,000 से अधिक लोग मारे गए। इस मृत्यु दर का लगभग आधा हिस्सा मुख्य रूप से तीन देशों से आता हैः यूक्रेन, फिलिस्तीन और म्यांमार। हालांकि वास्तविक मौतों का आंकड़ा इससे कहीं ज्यादा है। पिछले वर्षों में, अफगानिस्तान में संघर्ष से संबंधित मौतों का एक बड़ा हिस्सा रहा है, खासकर तालिबान द्वारा सरकार पर कब्जा करने से पहले। यह संकट अंतरराष्ट्रीय कूटनीति, संघर्ष समाधान और मानवीय हस्तक्षेप की तत्काल आवश्यकता की कड़ी याद दिलाते रहे। इस रिपोर्ट में सब कुछ सत्य नहीं है किंतु सत्य के काफी निकट अवश्य है। वैश्विक परिदृश्य में सनातन भारत की यह खगोलीय महावैज्ञानिक घटना अपने 46 दिनों की इस अवधि में बहुत कुछ स्थापित करने वाली है। यह सनातन भारत की आत्मिक शक्ति है जिसके आगे दुनिया नतमस्तक है। यही है कुंभ और यही है भारत की वह भारतीय सनातनी परंपरा जो भारत को विश्वगुरु बना देती है।

## शब्द पहेली - 8386

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | ■ | 2 | 3 | | 4 | 5 |
| 6 | | ■ | 7 | | | ■ | 8 | |
| 9 | | 10 | ■ | 11 | | | ■ | |
| ■ | 12 | | 13 | ■ | | ■ | 14 | |
| 15 | ■ | 16 | | | | 17 | ■ | |
| 18 | | ■ | | ■ | 19 | | 20 | ■ |
| | ■ | 21 | | 22 | ■ | 23 | | 24 |
| 25 | 26 | ■ | 27 | | | ■ | 28 | |
| 29 | | | ■ | | ■ | 30 | | ■ |

### बाएँ से दाएँ

1. आस्तिक, अनुगामी, पूजक-2
2. रख-रखाव-2,3
6. देह, बदन-2
7. कारण-3
8. तपस्या-2
9. बंदूकधारी(अंग्रेजी-3)
11. पति की बहन-3
12. प्रतिज्ञा, वचन-3
14. पिता, डैडी-2
16. मन मोहने वाला-5
18. आनंदित-2
19. लवण, खार-3
21. बख्तरबंद, आवरण-3
23. पासों से भविष्य जानना-3
25. आमिर व काजोल की फिल्म-2
27. मुलायम, कोमल-3
28. उस समय-2
29. भ्रमण, घूमना-3,
30. कोलाहल-2

### ऊपर से नीचे

1. खतरनाक-4
2. सनम, बालम-3
3. रहने का तरीका-3,3
4. चावल-2
5. बिजली का कौंधना-5
6. कौवा, काग-2
10. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
13. मन को भाने वाला-5
15. सहयात्री-5
17. कटि-3
20. निम्न, न्यूनतम-4
22. उत्कर्ष-3
24. अधर, होंठ-2
26. संबोधन-2

### शब्द पहेली - 8385 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | क | वि | ता | ■ | क | या | स | ■ |
| भ | ला | ■ | क | ■ | री | ■ | ही | न |
| र | ■ | म | त | ल | ब | ■ | ■ | ह |
| म | द | द | ■ | क्ष | ■ | फि | तू | र |
| ■ | ■ | भ | क्त | ■ | शी | त | ■ | ■ |
| से | हा | रा | ■ | यं | ■ | र | ज | त |
| ह | ■ | ■ | ज | हा | ल | त | ■ | मी |
| त | ल | ■ | मा | ■ | की | ■ | आ | ज |
| ■ | ब | हा | व | ■ | र | वा | ना | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सोना देवी विश्वविद्यालय में किया गया ध्वजारोहण

राष्ट्र संवाद संवाददाता

सोना देवी विश्वविद्यालय में 76वें गणतंत्र दिवस पर शान से लहराया तिरंगा। कुलाधिपति श्री प्रभाकर सिंह ने विश्वविद्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया। उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों, फैकल्टी और विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ दी। विद्यार्थियों को अपने सन्देश में उन्होंने कहा कि यदि वे परिवर्तन चाहते है तो इसकी शुरूआत स्वयं से करें। एकता समय की मांग है। उन्होंने कहा कि ₹न बंटों धर्म के नाम पर, न बंटों जात के नाम पर , एक रहो वतन के नाम पर₹। इस मौके पर कुलसचिव प्रो डॉ गुलाब सिंह 'आजाद' ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे लिए पुनीत अवसर है। हमारा गणतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है जो हमारे लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि हम सभी को अपने संवैधानिक कर्तव्यों का पालन करना चाहिए।



75 वर्षों में देश ने बहुत प्रगति की है। हमे अभी और आगे जाना है। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने जो कुबार्नी दी है उनके सपनों को पूरा करने के लिए हमने क्या किया है और क्या कर सकते हैं इसपर हम सभी विचार करें। हम सभी श्रेष्ठ नागरिक बनने का प्रयास करें और अपने जीवन को राष्ट्रीय सेवा में लगाएं। 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्कृत विभाग के सहायक प्राध्यापक कुमारी निकिता ने तरूणवीर देश के शीर्षक से देशभक्ति गीत पेश किया। विश्वविद्यालय की छात्रा रेशमी ने देशभक्ति पर आधारित एकल नृत्य प्रस्तुत किया। फैकल्टी श्री कृष्णेन्दु दत्ता ने प्रेरणादायक गीत छोड़ो कल की बातें गाकर छात्रों का उत्साह बढ़ा दिया।

फाइन आर्ट्स विभाग की अध्यक्ष डॉ. संगीता चौधरी ने कदम कदम बढ़ाये जा गाकर देश और स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। डॉ. रत्ना मुखर्जी एवं डॉ. संगीता चौधरी ने वन्दे मातरम गाकर प्रस्तुति दी। फिजिकल एजुकेशन की फैकल्टी कोमल सिन्हा के निर्देशन में विद्यार्थियों ने पिरामिड बनाया। इस मौके पर विद्यार्थियों के कौंसिल मेंबर्स को शपथ ग्रहण कराया गया। सोना देवी विश्वविद्यालय में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह का संयोजन सहायक कुलसचिव श्रीमती अर्चना सिंह ने किया।

## आधुनिक पावर में झंडोत्तोलन : मनोज अग्रवाल



राष्ट्र संवाद संवाददाता

पदमपुर कान्ड्रा स्थित आधुनिक पावर एंड नैचुरल रिसोर्सेज लिमिटेड कंपनी परिसर में झंडोत्तोलन उपरांत मुख्य अतिथि ने बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी के संविधान पर आज भारत विश्व में अग्रणी के श्रेणी में है 26 जनवरी 2025 को इस आधुनिक पावर ऐंड नेचुरल रिसोर्सेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार अग्रवाल ने अपने



संबोधन में कहा । उन्होंने कहा जमीनदाताओं कि एकता व सुनिश्चितता के प्रतीक है 540 मेगावाट आधुनिक पावर प्लांट।जमीनदाता कृष्णा बास्के, गौतम महतो आदि का मंच से शुक्रिया अदा की।
उन्होंने कहा कि बिजली उत्पादन के लिए सिर्फ.कोयला पर ही अब नहीं रहना होगा , हमें सौर उर्जा का भी भरपूर इस्तेमाल करने की जरूरत है। कम्पनी इस ओर ध्यान दे रही है । उन्होंने शहीदों को याद कर कहा कि आज उनके बलिदान के कारण आजाद भारत में आजादी से रह रहें हैं उन्हें नमन करते हैं । कम्पनी स्थापना में सहयोगियों को याद किया ।
कम्पनी के सीईओ अरूण मिश्रा, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट फाइनेंस से राजेश कुमार शर्मा , मानव संसाधन प्रमुख अनिल सोनी ने भी अपने विचार रखे ।
कार्यक्रम में स्कूल बच्चों के बैंड पार्टी ने धुन बजाकर स्वागत किया । बलजीत सनसोवा, रवि सिंह, विकास कुमार, सोनु कुमार, सहित सैंकड़ों अधिकारी, कर्मचारी , स्थानीय जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे ।

## चाण्डिल में बंद पड़े कंपनी को पुनः चालू करना ही आजादी : मनोज अग्रवाल

राष्ट्र संवाद संवाददाता

आधुनिक ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार अग्रवाल जी ने गणतंत्र दिवस 2025 वनराज स्टील्स प्राइवेट लिमिटेड चाण्डिल में झंडोत्तोलन करते हुए अपने सम्बोधन में कहा कि बिहार स्पंज आयरन कम्पनी को पुनः चालू कर हमने पाँच गाँव के लोगों का आशीर्वाद लिया । यही वनराज ये स्किल्स प्राइवेट लिमिटेड की उपलब्धि है। झारखंड आदिवासियों के योगदान और सुरक्षा के कारण बन्द पड़े कम्पनी चालू हो सका । उन्होंने कहा कि कंपनी की सफाई , रखरखाव पर ध्यान देना अतिआवश्यक है ।



कर्मचारियों का भविष्य कम्पनी के लाभ पर निर्भर है । सभी अधिकारियों एकजुटता होकर काम करने की आवश्यकता पर बल दिया ।
कार्यक्रम का संचालन ग्रुप वाइस प्रेसिडेंट प्रोजेक्ट चंद्रभूषण शर्मा ने किया । ग्रुप टेक्निकल हेड श्री सुब्बाराव जी एवं सीएमओ ओमप्रकाश वर्मा जी ने भी अपना सम्बोधन व्यक्त किया। झंडोत्तोलन कार्यक्रम में सुजीत कुमार झा, शिवेस कुमार सिंह , प्रभात कुमार सिंह ,त्रिलोचन नायक , किशन अग्रवाल, मुकेश , मनोज कामथ, कुसुम बेसरा, पंच ग्राम समिति के मदन प्रसाद, बब्लू बेसरा, रामेश्वर बेसरा, सिक्ख रोटी डिपार्टमेंट के पदाधिकारी व ग्रामीण उपस्थित रहे ।

## गणतंत्र दिवस पर नारायण आईटीआई में क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**चांडिल :** 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नीमडीह प्रखंड में स्थित नारायण प्राइवेट आईटीआई में क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। पुरस्कार वितरण समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा के झारखंड प्रदेश महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि दुनिया को दिशा और दशा दिखाने का काम भारत ने किया। इस दुनिया को खेल का शिक्षा भारत ने दिया। दुनिया के लोग आध्यात्मिक सीखने आये तो काशी आये, शिक्षा ग्रहण करने आये तो नालंदा विश्वविद्यालय आये। उन्होंने कहा कि हॉकी भारत का प्राचीन खेल है। भगवान श्रीकृष्ण की कथा में उल्लेख है जब वे छोटे बालक थे तब कुछ बालकों के साथ बल से खेलते थे। हॉकी का शुरूआत वंहा से हुआ। जुडो कराटे भारत से शुरू हुआ, ऋषि मुनियों की आत्मरक्षा के लिए वेदव्यास जी ने इस कला को प्रारम्भ किया। इसका मूल नाम है नियुद्ध। ऋषि मुनी कहीं जाते थे तो निहथ्ये जाते थे उन्हें अपने बचाव के लिए यह कला सिखाया जाता था। पुराने बहुत खेल लुप्त हो रहें है इसलिए मोदीजी के नेतृत्व में भारत सरकार ने क्रीड़ा भारती संस्था का गठन किया। उसका उद्देश्य है ग्रामीण खेलों को प्रोत्साहित करना। भारत सरकार ने नियम बनाया कि सभी सांसद अपने संसदीय क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में प्राचीन खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए खेल का आयोजन करें। संस्थान के संस्थापक डॉ जटाशंकर पांडे ने कहा कि इस आईटीआई प्रशिक्षण केंद्र में विद्यार्थियों को तकनिकी प्रशिक्षण के साथ प्रतियोगिता आयोजित कर खेलकूद के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। पुरस्कार वितरण समारोह में प्रतियोगिता के विजेता दल चैन इलेवन व उप विजेता दल एलक्ट्रान इलेवन को मुख्य अतिथि के हाथों द्वारा कप देकर मेडल पहनाया गया।

नारायण प्राइवेट आईटीआई के मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । फाइनल मैच Chain 11 V/S Fitter 11 जिसमें विनर Chain 11 हुआ। और Annual Trade Mock Test में सभी ट्रेड के टॉपर छात्र छात्रों के पुरस्कृत किया गया ।
1. तापसी महतो 86% (अमीन)
2. प्रदीप सहीश 91%(fitter)
3. जगदीश सिंह सरदार 90% इलेक्ट्रिशियन 1st ईयर
4. अमीय महतो,72% हेल्थ सेफ्टी
5. समीर महतो,- 75% फायर सेफ्टी
इस अवसर पर मुख्य रूप से मौजूद रहे । संस्थान के उपनिदेशक माननीय सुदिष्ट कुमार, एडवोकेट निखिल कुमार, प्रिंसिपल जयदीप पांडे , शांति राम महतो, पवन कुमार महतो, प्रकाश महतो, कृष्णा पद महतो, संजीत महतो, गौरव महतो,हरि नारायण साहू, अनिकेत कश्यप , और साथ में सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## फदलोगोडा टुसू मेला में उमड़ी भीड़



राष्ट्र संवाद संवाददाता

चांडिल झारखंड राज्य आंदोलनकारी स्व. बाबा भूतनाथ विशाल टुसू मेला, फदलोगोड़ा दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष शंकर महतो की अध्यक्षता में आयोजित हुआ. कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथित पूर्व जीप सदस्य ओम प्रकाश सिंह, हाइवे सेफ्टी एंड वेलफेयर के अध्यक्ष - दिलीप महतो, खगेन महतो, आदि उपस्थित थे. मेला में दर्जन भर दराज ग्रामीण इलाकों से अधिक टुसू और चौड़ोल शामिल हुई थी. इस दौरान काफी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों का सांस्कृतिक के प्रति उत्साह देखते ही बन रहा था.मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य ओम प्रकाश लायक ने कहा झारखंडी सांस्कृतिक की धरोहर को संरक्षण के लिए झारखंडियों को शिक्षित होना जरूरी . झाड़ग्राम पश्चिम बंगाल से आई चापा कुसुम,झूमर अखाड़ा द्वारा झूमर का रंगारंग नृत्य संगीत , कलाकारों के द्वारा की गई शानदार कार्यक्रम की प्रस्तुति का लोगो ने लुत्फ उठाया .मेला में प्रतिभागी टुसू में प्रथम स्थान - 10 हजार रुपए , द्वितीय स्थान - 7 हजार रुपए, तृतीय स्थान - 5 हजार रुपएऔर चौडल - में प्रथम स्थान - 5 हजार रुपए, द्वितीय स्थान - 3 हजार 1 रुपए . अतिथियों सहित आयोजन समिति द्वारा नगद राशि देकर सम्मानित किया गया. इस अवसर सक्रिय सहयोग आयोजन कर्ता सपन महतो, उप मुखिया प्रदीप महतो,पूर्व मुख्य गुरुचरण सिंह सरदार, भद्र सेन ,संजय प्रमाणिक,प्रहार सिंह,सुनील मछुआ,संतोष गोराई,बीरबल सिंह, मिलु प्रमाणिक,धीरेन गोप, बेलकू मांझी , मिलु प्रमाणिक आदि ने सहयोग दिया..

## गणतंत्र दिवस पर शान से लहराया तिरंगा, सांस्कृतिक कार्यक्रम की रही धूम

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**मुसाबनी** :- मुसाबनी प्रखंड में 76 वां गणतंत्र दिवस समारोह धूम धाम व हर्षोल्लास के साथ से मनाया गया । इस अवसर पर सरकारी संस्थान , गैर सरकारी संस्थान, पंचायत भवन, स्कूलों ० कॉलेजों में गणमान्य लोगों के द्वारा तिरंगा झंडा फहराया गया । इस दौरान जी सी जे डी उच्च विद्यालय सह इंटर कॉलेज में समाजसेवी अशोक अग्रवाल ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया।
सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मुसाबनी में अध्यक्ष किशन कुमार अग्रवाल, कांग्रेस पार्टी कार्यालय में पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार बालमुचू, माइंस इंटर कॉलेज प्रिंसिपल सीमा कल्याणी, झामुमो पार्टी कार्यालय मुसाबनी,आदर्श शिव लाल प्लस टू उच्च विद्यालय में विधायक प्रतिनिधि सह झामुमो प्रखंड अध्यक्ष प्रधान सोरेन द्वारा तिरंगा झंडा फहराया गया। मुसाबनी प्रखंड अंचल कार्यालय में
प्रखंड प्रमुख रामदेव हेम्ब्रम, सीआरपीएफ 193 बटालियन मुख्यालय बानालोपा में कमांडेंट ओमजी शुक्ला,आईआरबी 2 मुख्यालय एवं सीआईटी में आईआरबीआई 2 के डीएसपी ,मुसाबनी डीएसपी कार्यालय में



डीएसपी संदीप भगत, मुसाबनी थाना में थाना प्रभारी अनुज कुमार सिंह, बेथल होम बेनाशोल में निदेशक लिविंगस्टन जोशेफ, कॉन्वेंट हाई स्कूल व मुसाबनी इंस्पेक्टर कार्यालय में इंस्पेक्टर संजय जनक मूर्ति,
बेथल मॉडल स्कूल में प्रिंसिपल सीजी जॉय
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केन्दाडीह में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुंदर लाल मार्डी, ने ध्वजारोहण किया। भाजपा मंडल कार्यालय में जयंत घोष, जेएसपीएल कार्यालय में सीओ हषिकेश मराण्डी, मुसाबनी लेम्पस में शत्रुघ्न प्रसाद, उत्तरी बदिया लैंप्स में सचिव गणेश कुमार, मुसाबनी बजार में बाजार समिति अध्यक्ष सरदार राजू सिंह,बस स्टैंड में सत्या तिवारी, वन विभाग में रेंजर दिग्विजय केंद्रीय विद्यालय सूरदा में प्रिंसिपल मायसा मार्डी द्वारा तिरंगा झंडा फहराया गया।इसके अलावे विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूलों में भी विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। सुरदा राजीव चौक पर कांग्रेसी नेता शमशेर खान ने तिरंगा झंडा फहराया।

## फुटबॉल के फाईनल का विजेता बना घाटशिला की आर एस सी टीम

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**- शिक्षा मंत्री ने किया पुरस्कृत**

**मुसाबनी-** गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुसाबनी प्रखंड के पाथरगोड़ा फुटबॉल मैदान में आदिवासी बॉयज क्लब द्वारा फुटबॉल सह स्पोर्ट्स का 55 वां महाकुंभ प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में दर्जनों टीम ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता और निबंधन विभाग के मंत्री रामदास सोरेन,
विधायक लक्ष्मण टुडु, कुणाल षाड़ंगी,अर्जुन अवार्ड से पुरस्कृत अंतराष्ट्रीय तीरंदाज लक्ष्मी रानी माझी, झामुमो नेता कान्हू सामन्त, प्रधान सोरेन आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।
मंत्री सहित सभी अतिथियों का आयोजन समिति द्वारा पुष्प गुच्छ देकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।
शिक्षा मंत्री सहित सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मंत्री रामदास सोरेन ने फुटबॉल में किक मारकर मैच का शुभारंभ किया।
प्रतियोगिता में फुटबॉल का फाइनल मैच एवरग्रीन एफ सी



घाटशिला एवं आर एस सी घाटशिला टीम के बीच खेला गया। इस रोमांचकारी मैच में पेनल्टी शूट से आर एस सी घाटशिला की टीम विजेता बनी। मंत्री रामदास सोरेन एवं उन अतिथियों ने विजेता एवं विजेता टीम को नगद राशि एवं कप प्रदान कर पुरस्कृत किया। इस मौके पर तीरंदाजी प्रतियोगिता सहित अन्य खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें चयनित प्रतिभागियों को आयोजन समिति द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस फुटबॉल एवं खेलकूद प्रतियोगिता को देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग यहां पहुंचे थे।

## सार-संक्षेप

### संत एंथोनी हाई स्कूल खासमहल, जमशेदपुर के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज आरोहण बी डी सिंह के द्वारा किया गया

राष्ट्र संवाद संवाददाता



संत एंथोनी हाई स्कूल खासमहल, जमशेदपुर के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज आरोहण बी डी सिंह के द्वारा किया गया। छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया एवं हरसोलश के साथ गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। बी डी सिंह ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा गानातांत्रिक देश है और हम सबों को अपने देश के प्रगति और विकास के लिए सदैव अपना योगदान देना चाहिए। प्रत्येक नागरिक देश के विकास के लिए अपना भागीदारी तय करें तभी देश का विकास संभव हो सकेगा। हम सब संकल्प लेते हैं कि भारत को विकसित बनाने में हम अपना योगदान करते रहेंगे

### चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में घर घर शान से लहराया तिरंगा



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**चांडिल** - गणतंत्र दिवस पर चांडिल अनुमंडल के विभिन्न सरकारी गैर सरकारी शैक्षणिक संस्थानों कार्यालयों में झंडोतोलन निर्धारित समय किया गया. चांडिल अनुमंडल कार्यालय परिसर में एस. डी.ओ. विकास राय, ने झंडोत्तोलन किया साथ ही कटिया स्टेडियम में परेड की सलामी ली .वहीं डी. एस.पी. आवास मे अरविंद कुमार बिन्हा , प्रखंड कार्यालय में प्रमुख रामकृष्ण महतो,, चांडिल वन क्षेत्र कार्यालय - वन क्षेत्र पदाधिकारी शशि प्रकाश , चांडिल थाना - दिलशान बिरुवा , -चौका थाना- बजरंग महतो,- . ईचागढ़ थाना- आदित्य विक्रम पांडे, तीरुल्डि थाना- अविनाश शाही, कपाली थाना - सोनू कुमार, ने बी .आर.सी. अशोक दंडपात, निर्धारित समय पर झंडोतोलन किया. मुख्य झंडोतोलन कार्यक्रम कटिया स्टेडियम के झंडोतोलन कार्यक्रम में उपस्थित अंचल अधिकारी आदि उपस्थित थे.

### विधायक द्वारा 14 लाख की लागत 10 पानी के टैंकर का उद्घाटन



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**चांडिल** ईचागढ़ विधायक सविता महतो ने कपाली नगर परिषद क्षेत्र सहित चारों प्रखंडों के मध्य दी जाने वाली 10 पानी के टैंकर का विधिवत उद्घाटन किया . विधायक निधि से अनुमानित 14 लाख की लागत से 2 हजार लीटर की स्टोरेज की क्षमता की बनी पेयजल टैंकर प्रत्येक प्रखंड चांडिल,नीमडीह, कुकड़ु , ईचागढ़ सहित कपाली नगर परिषद को 2 की संख्या में दिया जाना है जिसकी जानकारी विधायक सविता महतो ने पत्रकारों को दी. उन्होंने बताया ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक कार्यों ,शादी व्याह, क्रिया क्रम, अन्य सार्वजनिक धार्मिक अनुष्ठानों में पानी की सुलभता को देखते हुए उपलब्ध कराया गया ताकि जरूरतमंदों को सहूलियत हो. इस अवसर पर मामा गुरुचरण किस्कू, चारु किस्कू,झामुमो वरीय नेता कार्तिक महतो,झामुमो नेता दिलीप महतो, पूर्व जीप सदस्य ओम प्रकाश लायक, जीप सदस्य पिंकी लायक,अरुण टुडू, मंत्री महतो हरिदास महतो, मो अरशद,मन मन सिंह, मो मोहसिन, मो नौशाद, मो सरवर आलम, कृष्ण किशोर महतो, विजय गोराई, मोंटू गोराई, राहुल वर्मा, आदि उपस्थित थे.

### जादूगोड़ा के शेफर्ड इंग्लिश मीडियम स्कूल समेत आधा दर्जन स्कूलों में मना 76 वा गणतंत्र दिवस, सांस्कृतिक कार्यक्रमो ने बांधा समा

**बच्चे पढ़ाई के साथ_ साथ आचरण पर ध्यान दे/ मुद्रिका शर्मा**

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**जादूगोड़ा** : जादूगोड़ा व उसके आस_ पास के आधा दर्जन विभिन्न स्कूलों भी 76 वाँ गणतंत्र दिवस उमंग व उत्साह के साथ मनाया गया।इधर मुख्य कार्यक्रम जादूगोड़ा स्थित शेफर्ड इंग्लिश मीडियम स्कूल धर्मडीह आयोजित की गई जहा विद्यालय के संस्थापक मुद्रिका शर्मा ने झंडों तोलन किया।इधर इस मौके पर विद्यालय के संस्थापक मुद्रिका शर्मा ने कहा कि बच्चे पढ़ाई_ लिखाई के साथ_ साथ आचरण निर्माण पर भी ध्यान दे ताकि अच्छे नागरिक बनकर देश व समाज की तरक्की में योगदान दे सके। कार्यक्रम के अंत में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक नृत्य कर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया।कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक व शिक्षकाओ ने अहम योगदान दिया।इसी तरह नरवा पहाड़ स्थित सिद्धू कान्हु मेमोरियल हाई स्कूल में विद्यालय के संरक्षक रोडिया सोरेन ने झंडोतोलन किया ।
इस मौके पर विद्यालय की ओर से प्राचार्य बनवारी दास, ठाकुर दास मुर्मू,दसमत किस्कू सुशील सोरेन, जयंती मुंडा, दुलू राम सरदार,तारा पदो गोप उपस्थित थे। इसके अलावे चैतन्य वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा खुखडाडीह में ग्राम प्रधान दामोदर सिंह ने झंडोतोलन किया व झंडे की सलामी ली।

### यूसिल की नरवा पहाड़ यूरेनियम प्रोजेक्ट में मनाया गया 76 वा गणतंत्र दिवस

**कई नए जगहों पर मिला है यूरेनियम का अकूत भंडार/ कार्यकारी निर्देशक**

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जादूगोड़ा** :यूसिल की नरवा पहाड़ आवासीय कॉलोनी में 76 वा गणतंत्र दिवस धूम धाम से मनाया गया। इधर इस मौके पर कंपनी के कार्यकारी निर्देशक एम के सिंघाई ने झंडोंतोलन किया व परेड की सलामी ली।इस मौके पर समारोह के मुख्य अतिथि सह कंपनी के कार्यकारी निर्देशक एम के सिंघाई ने कहा कि यूसिल यूरेनियम के क्षेत्र में तरक्की कर रहा है।।
उत्पादन में गति लाई जा रही है वही कई नए जगहों पर यूरेनियम का अकूत भंडार भी मिला है।इसके पूर्व परेड कमांडर इंस्पेक्टर विनय कुमार मार्च फास्ट की अगुवाई की।कार्यक्रम को सफल बनने में जादूगोड़ा यूसिल ग्रुप ऑफ माइंस के एजेंट मनोरंजन महाली ,केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के नरवा पहाड़ इकाई के कम्पनी कमांडर के के सिंह,सब इंस्पेक्टर मनीष कुमार ब्रजेश कुमार समेत कंपनी के वरीय अधिकारियों ने अहम योगदान दिया।

# सरकार-विपक्ष में तनातनी के बीच वक्फ विधेयक में 572 संशोधनों का सुझाव; जेपीसी की बैठक में खंडवार चर्चा

**नई दिल्ली,एजेन्सी।**

वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर सरकार और विपक्ष आमने-सामने है। इस बीच वक्फ संशोधन विधेयक पर संसदीय समिति के सदस्यों ने मसौदा विधेयक में 572 संशोधनों का सुझाव दिया है। समिति की बैठकों के अंतिम चरण में पहुंचने पर रविवार देर रात भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता जगदंबिका पाल की अध्यक्षता में वक्फ संशोधन विधेयक पर संयुक्त समिति की ओर से संशोधनों की समेकित सूची जारी की गई। समिति आज अपनी बैठक में खंडवार संशोधनों पर चर्चा करेगी। भाजपा और विपक्ष के सदस्यों ने विधेयक पर संशोधन पेश किए हैं। हालांकि, संशोधन पेश करने वाले सदस्यों की सूची में भाजपा के किसी भी सहयोगी दल का नाम नहीं है।

वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 को केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आठ अगस्त को लोकसभा में पेश किया था। इसके बाद इसे संसद की




संयुक्त समिति को भेज दिया गया था। विधेयक का उद्देश्य वक्फ अधिनियम 1995 में संशोधन करना है, ताकि वक्फ संपत्ति के विनियमन और प्रबंधन में आने वाली समस्याओं एवं चुनौतियों का समाधान किया जा सके।

इससे पहले वक्फ संशोधन विधेयक पर संसदीय समिति की बैठक शुक्रवार को जमकर हंगामा हुआ था। हंगामा थमता न देख समिति के 10 सांसदों को पूरे दिन के लिए कमेटी की सदस्यता से निलंबित कर दिया गया था। बैठक के दौरान विपक्षी सदस्यों ने दावा किया कि उन्हें मसौदा कानून में प्रस्तावित बदलावों का अध्ययन करने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया जा रहा है। इस दिन भाजपा सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली जेपीसी कश्मीर के मीरवाइज उमर फारूक के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल के विचार सुनने वाली थी।

**10 विपक्षी सांसद दिनभर के लिए कर दिए गए थे निलंबित:** बैठक में हुए हंगामे के बाद वक्फ संशोधन विधेयक 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति की बैठक से सभी 10 विपक्षी सांसदों को दिनभर के लिए निलंबित कर दिया गया था। निलंबित विपक्षी सांसदों में कल्याण बनर्जी, मोहम्मद जावेद, ए राजा, असदुद्दीन ओवैसी, नासिर हुसैन, मोहिबुल्लाह, एम अब्दुल्ला, अरविंद सावंत, नदीमुल हक, इमरान मसूद शामिल थे।

**जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने क्या कहा था:** समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने बैठक को लेकर कहा था कि शुक्रवार को दो महत्वपूर्ण प्रतिनिधिमंडल गवाह के तौर पर आए थे। एक प्रतिनिधिमंडल मीरवाइज उमर फारूक के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर से था। दूसरा प्रतिनिधिमंडल लॉयर्स फॉर जस्टिस का था, जिसमें हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के वकील शामिल थे। उन्होंने अच्छा प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने विस्तृत शोध कार्य किया है, जो हमारी रिपोर्ट के लिए भी उपयोगी होगा। उन्होंने कहा था कि भले ही यह हमारे अधिकार क्षेत्र में न हो, लेकिन हमारे सदस्यों ने अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय से कहा कि इस पर ध्यान दिया जाना चाहिए, लेकिन मुझे दुख है कि आज की बैठक इतनी महत्वपूर्ण थी, लेकिन जिस तरह से कल्याण बनर्जी ने बैठक में बेवजह हंगामा किया, वेल में घुसकर बहस करने की कोशिश की और गाली-गलौज भी की, मुझे लगता है कि उन्होंने आज सारी हदें पार कर दीं और सारी मर्यादाएं तोड़ दीं। उन्होंने कहा था कि मुझे लगता है कि पूरा देश, पूरी दुनिया यह देख रही है...वह नहीं चाहते थे कि हम मीरवाइज उमर फारूक को भी सुनें, हमारे सभी सदस्य इससे आहत हैं। हमने बैठक दो बार स्थगित की, लेकिन उन्होंने अपना मन बना लिया था आज बैठक न होने देने के लिए... इसके बाद निशिकांत दुबे ने प्रस्ताव रखा और कुछ सदस्यों को बाहर भेजना पड़ा, जेपीसी सदस्य होने के बावजूद वे बाहर ही बयान देते हैं।

# महाकुंभ पर रेलवे दे रहा छूट, विमानन कंपनियां कर रहीं लूट; विहिप ने की लगाम लगाने की मांग



**नई दिल्ली, एजेन्सी।**

आम दिनों में नई दिल्ली से प्रयागराज, लखनऊ या वाराणसी का किराया पांच हजार रुपये से कम ही होता है, लेकिन यदि आपको आज प्रयागराज जाना है तो इसके लिए आपको 25000 रुपये तक चुकाने पड़ सकते हैं। महाकुंभ के दौरान हवाई यात्रा उपलब्ध करा रही कंपनियों ने लूट मचा दी है। एक तरफ जहां रेलवे विशेष ट्रेनें चलाकर तीर्थयात्रियों को विशेष सुविधा देने की कोशिश कर रहा है, वहीं देश के किसी भी हिस्से से प्रयागराज, लखनऊ या वाराणसी आ रही फ्लाइट्स के दामों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी कर दी गई है, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सभी प्रमुख स्नान तिथियों पर प्रयागराज या लखनऊ जाने के किराए में भारी बढ़ोतरी की गई है। विहिप सहित तमाम हिंदू संगठनों ने इसे हिंदुओं की आस्था से खिलवाड़ बताया है और इस पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

**कितना किराया:** आम दिनों में नई दिल्ली से प्रयागराज, लखनऊ या वाराणसी का किराया पांच हजार रुपये से कम ही होता है, लेकिन यदि आपको आज प्रयागराज जाना है तो इसके लिए आपको 25000 रुपये तक चुकाने पड़ सकते हैं। मेक माइ ट्रिप पर दी गई जानकारी के अनुसार, सोमवार को प्रयागराज जाने का टिकट 24,277 रुपये है, जबकि दो फरवरी तक का टिकट भी 17,500 रुपये के करीब है। इसी तरह दिल्ली से लखनऊ तक जाने की फ्लाइट के सबसे कम दाम भी करीब 11 हजार रुपये हैं, जबकि सामान्य दिनों में यह किराया चार हजार रुपये से भी कम रहता है। किराये में यह वृद्धि केवल प्रयागराज के लिए ही नहीं लागू है, बल्कि आसपास के हवाई अड्डों पर पहुंचने पर भी किराए में बढ़ोतरी की जा रही है।

**विहिप ने की लगाम लगाने की मांग:** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा है कि यह हिंदू तीर्थयात्रियों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां रेलवे सहित सरकार के तमाम विभाग तीर्थयात्रियों को विशेष सहूलियत देकर महाकुंभ को सफल बनाने में जुटे हैं, वहीं हवाई यात्रा उपलब्ध करा रही कंपनियों ने लूट मचा दी है। किराए में पांच-सात गुने तक की वृद्धि की जा रही है। इससे लोगों को कुंभ पहुंचने और अपनी आस्था का पालन करने में परेशानी आ रही है। उन्होंने केंद्र सरकार से अपील की है कि तात्कालिक सेवा के नाम पर की जा रही यह लूट बंद होनी चाहिए।

# रिजर्व पुलिस लाइन अमेठी में 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया

राष्ट्र संवाद संवाददाता
राम मिश्रा

**प्रभारी निरीक्षक थाना-गौरीगंज श्यामनारायण पाण्डेय को महामहिम राष्ट्रपति का पुलिस पदक.**

**थानाध्यक्ष कमरौली अभिनेष कुमार को मिला पुलिस महानिदेशक का प्रशंसा चिन्ह.**

**-मुसाफिरखाना थाना के मुख्य आरक्षी हरिनाथ यादव को सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह.**



अमेठी जिले में 76वां गणतंत्र दिवस बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।गणतंत्र पर्व के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने ध्वजारोहण किया तथा परेड का मान प्रणाम लिया गया।समारोह में पुलिस की 14 टोलियों ने मार्च पास्ट कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी।पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक ने उपस्थित सभी को संविधान की शपथ दिलाई गई।परेड में शामिल 14 टोलियो में से उत्कृष्ट ड्रिल हेतु निर्णायक मण्डल ने प्रथम टोली सशस्त्र पुलिस को प्रथम स्थान व चतुर्थ टोली महिला टोली को द्वितीय स्थान और तृतीय टोली नागरिक पुलिस को तृतीय स्थान प्रदान किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार,जिले की पुलिस का मान बढ़ाने वाले प्रभारी निरीक्षक थाना गौरीगंज श्याम नारायण पाण्डेय को महामहीम राष्ट्रपति का पुलिस पदक व थाना मुसाफिरखाना के मुख्य आरक्षी हरिनाथ यादव को सेवाभिलेख के सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह और थानाध्यक्ष कमरौली अभिनेष कुमार को पुलिस महानिदेशक का प्रशंसा चिन्ह सिल्वर प्रदान किया गया।जिले के विभिन्न शाखाओं व थानों पर नियुक्त सराहनीय कार्य करने वाले कुल 71 पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने मुख्य अतिथि व जिलाधिकारी को स्मृति चिन्ह प्रदान कर पुलिस परिवार की तरफ से आभार प्रकट किया।

# अमेठी में हर्षोल्लास से मना गणतंत्र दिवस

राष्ट्र संवाद संवाददाता
राम मिश्रा

**गणतंत्र दिवस के जश्न में डूबा जिला,गूंजे देश भक्ति के तराने.**

**सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन रहा मुस्तैद.**

**अमेठी।**जिले में गणतंत्र दिवस का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस अवसर सभी सरकारी,अर्ध सरकारी कार्यालयों व शिक्षण संस्थानों में झंडारोहण कर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए।

मिली जानकारी के अनुसार,कलेक्ट्रेट परिसर में डीएम निशा अनन्त ने झंडारोहण किया।डीएम ने सभी को 76 वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि आज ही के दिन संविधान अंगीकृत हुआ था आज पूरे देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है।जिलाधिकारी ने कहा की हमारा संविधान विश्व का सबसे बडा संविधान है हमें अपने संविधान पर गर्व होना चाहिये।वही पुलिस लाइन में राज्यमंत्री



मयंकेश्वर शरण सिंह ने ध्वजारोहण किया तथा परेड की सलामी ली।पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक के नेतृत्व में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस के अधिकारियों, कर्मचारियों को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

जिले के शिक्षण संस्थानों में भी गणतंत्र दिवस के अवसर पर देश भक्ति व सांस्कृतिक समेत विधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

सेंट जेवियर्स स्कूल में मना जश्न - मुसाफिरखाना स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल में 76वां गणतंत्र दिवस समारोह उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया।कार्यक्रम की शुरूआत में प्रबंधक विजय कुमार सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, जिसके बाद सभी उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान गाया।इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत,नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं। प्रिंसिपल अरमिया ने अपने संबोधन में छात्रों को देश के संविधान और उनके अधिकारों व कर्तव्यों के बारे में जागरूक किया।इस मौके पर शिक्षक राजेश्वर,शालू दीप्ति,बबिता,संध्या तिवारी,टीना,मुस्कान,मनीषा आरजू व श्रद्धा और दीपांशी सहित अभिभावक मौजूद रहे।

मुसाफिरखाना कस्बा स्थित आदर्श सेवा समिति में गणतंत्र दिवस पर्व पर झंडारोहण किया गया व विधिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए।कार्यक्रम में शिक्षकों,अभिभावकों और स्थानीय के लोगों ने भी भाग लिया।वही गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्राइमरी पाठशाला पूरे विश्राम राय में राष्ट्रध्वज फहराया गया।स्कूल में देश भक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।शिक्षकों ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं।इस मौके पर भाजपा जिला सहमीडिया प्रभारी अरुण मिश्र,पं शेष राम मिश्र,पं वृंदा प्रसाद मिश्र,मकरंद सिंह सहित तमाम स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# महिला पर हमला करने वाला आदमखोर बाघ मृत पाया गया, गर्दन के पास लगी चोट; पोस्टमॉर्टम में पता चलेगी वजह



**वायनाड,एजेन्सी।**

सोमवार को तड़के बाघ को बेहोश करने की कोशिश की गई, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में बाघ पिलाकावु क्षेत्र में मृत पाया गया। महिला पर बाघ के घातक हमले के बाद अधिकारियों ने रविवार को मननथावडी नगर पालिका के कुछ इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया था। केरल के वायनाड में दो दिन पहले महिला पर हमला कर उसे मारने वाला आदमखोर बाघ सोमवार मृत पाया गया। महिला की मौत से क्षेत्र में प्रदर्शन शुरू हो गया था। रविवार को राज्य सरकार को बाघ को आदमखोर घोषित करने और उसे मारने के लिए मजबूर होना पड़ा। वन अधिकारी बाघ को पकड़ने के लिए दिन-रात तलाशी अभियान में जुटे हुए थे। उन्होंने सोमवार की सुबह 2=30 बजे पिलाकावु एस्टेट के अंदर उसे मृत पाया। उसके गर्दन के पास चोट लगी थी।

**पोस्टमॉर्टम में पता चलेगी मौत की वजह:** शव मिलने के बाद अधिकारियों ने पुष्टि की कि यह वही बाघ है जिसने शनिवार को 46 वर्षीय महिला को मार डाला था। मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) उत्तरी सर्कल, केएस दीपा ने बताया कि बाघ के मौत का सही कारण पोस्टमॉर्टम के बाद ही पता चलेगा। उन्होंने कहा कि वन अधिकारी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर लगाए गए कैमरों के दृश्यों की जांच करके उसकी गतिविधियों पर लगातार नजर रख रहे थे। सोमवार को तड़के बाघ को बेहोश करने की कोशिश की गई, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में बाघ पिलाकावु क्षेत्र में मृत पाया गया। महिला पर बाघ के घातक हमले के बाद अधिकारियों ने रविवार को मननथावडी नगर पालिका के कुछ इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया था। वन मंत्री एके आदमखोर घोषित किया था।

# धर्मांतरित ईसाई को दफनाने के स्थान के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया खंडित फैसला

**नई दिल्ली,एजेन्सी।**

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि उसे यह देखकर दुख हुआ कि छत्तीसगढ़ के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति को अपने पिता के शव को ईसाई रीति-रिवाजों के अनुसार दफनाने के लिए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ा, क्योंकि अधिकारी इस मुद्दे को सुलझाने में विफल रहे। छत्तीसगढ़ में धर्मांतरित ईसाई को दफनाने के स्थान के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को खंडित फैसला सुनाया। जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा कि छत्तीसगढ़ में एक धर्मांतरित ईसाई का अंतिम संस्कार परिवार की निजी कृषि भूमि पर किया जा सकता है। न्यायमूर्ति एससी शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में धर्मांतरित ईसाई का अंतिम संस्कार निर्धारित स्थान पर ही किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने यह भी कहा कि धर्मांतरित ईसाई का अंतिम संस्कार निर्धारित स्थान पर किया जाना चाहिए, क्योंकि शव सात जनवरी से शवगृह में रखा है।

**क्या है मामला:** सुप्रीम कोर्ट ने उस पादरी को ईसाइयों के लिए निर्दिष्ट स्थान पर दफनाने का निर्देश देते हुए सोमवार को खंडित फैसला सुनाया। पादरी का शव सात जनवरी से छत्तीसगढ़ के एक शवगृह में रखा है। पीठ ने कहा कि पादरी का शव उसे दफनाने के स्थान को लेकर विवाद के कारण सात जनवरी से शवगृह में रखा है और इसी बात को ध्यान में रखते हुए वह इस मामले को वृहद पीठ को नहीं भेजेगी। उसने निर्देश दिया कि शव को उस निर्दिष्ट स्थान पर दफनाया जाए, जो राज्य के छिंदवाड़ा गांव से 20 किलोमीटर दूर है। पीठ ने राज्य सरकार को पूरी सुरक्षा मुहैया कराने का निर्देश दिया, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था

इससे पहले कोर्ट ने 22 जनवरी को कहा था कि उसे पादरी के शव को दफनाने के मामले में सौहार्दपूर्ण समाधान निकलने और पादरी का सम्मानजनक तरीके से अंतिम संस्कार किये जाने की उम्मीद है। कोर्ट ने पादरी के बेटे की याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

**छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के एक आदेश को चुनौती दी थी:** पीठ ने रमेश बघेल नाम के व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया। याचिकाकर्ता ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के एक आदेश को चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने रमेश के पादरी पिता के शव को गांव के कब्रिस्तान में ईसाइयों को दफनाने के दिया था।

# गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर शहीदों के परिजनों, वार वीडो को किया गया सम्मानित

**नारायणगढ़, एजेन्सी।**

गणतंत्र दिवस समारोह में एसडीएम शाश्वत् सांगवान द्वारा शहीदों के परिजनों, वार वीडो को सम्मानित किया गया। जिनमें लालपुर निवासी सिपाही रामस्वरूप की पत्नी गौमा देवी, नारायणगढ़ निवासी सिपाही दयाल सिंह की पत्नी प्रकाश कौर, जंगुमाजरा निवासी गनर निरजंन सिंह की पत्नी विद्याकौर, नेकनावा गांव के गनर हरि सिंह की पत्नी गुरनाम कौर, गधौली निवासी सिपाही पवन कुमार के परिजन, धनाना निवासी सिपाही साहिब सिंह की पत्नी सुनहरी देवी, सौंतली निवासी सिपाही महेन्द्र सिंह की पत्नी मंजीत कौर, बिचली धमौली निवासी सिपाही शेर सिंह की पत्नी कृपाल कौर, गणेशपुर निवासी सिपाही कश्मीर सिंह की पत्नी गुरमीत कौर, कोड़वाखुर्द निवासी लांस नायक परमजीत सिंह की पत्नी देवेन्द्र कौर, कोड़वाकलां निवासी लांस नायक नरेन्द्र सिंह की पत्नी परमजीत कौर, पतरेहड़ी निवासी सिपाही नरेश कुमार की माता कमला देवी, शहजादपुर निवासी गनर निर्मल सिंह की माता शशीप्रभा, सौंतली निवासी सुबेदार मामचंद की धर्मपत्नी पुष्पा देवी तथा नसडौली निवासी हरबंश कौर पत्नी सिपाही अर्जुन सिंह को सम्मानित किया गया।

# शादी के लिए मना करना आत्महत्या के लिए उकसाने का कृत्य नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने खारिज किए आरोप

**नई दिल्ली,एजेन्सी।**

देश के सर्वोच्च न्यायालय ने एक मामले की सुनवाई के दौरान टिप्पणी की है कि शादी के लिए मना करना आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला नहीं है। इस टिप्पणी के साथ ही अदालत ने युवती की तरफ से प्रेमी की मां पर लगाए गए तमाम आरोपों को खारिज कर दिया। उच्चतम न्यायालय ने एक मामले की सुनवाई के दौरान टिप्पणी की है कि, शादी के लिए मना करना भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 306 के तहत आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं है। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने एक महिला के खिलाफ आरोपपत्र को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। महिला पर एक युवती को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप था जो उसके बेटे से कथित तौर पर प्यार करती थी।

**मां ने किया विरोध, बेटे ने शादी से किया इनकार:** आरोप युवती और अपीलकर्ता के बेटे के बीच विवाद पर आधारित थे जिसने उससे शादी करने से इनकार कर दिया था। अपीलकर्ता पर शादी का विरोध करने और युवती के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया गया था।

**अपीलकर्ता के खिलाफ एक भी सबूत नहीं- कोर्ट:** अदालत ने कहा कि यदि आरोपपत्र और गवाहों के बयानों समेत रिकॉर्ड पर मौजूद सभी साक्ष्यों को सही मान लिया जाए, तो भी अपीलकर्ता के खिलाफ एक भी सबूत नहीं है। पीठ ने कहा, हमारा मानना है कि अपीलकर्ता के कृत्य इतने अप्रत्यक्ष और असंबद्ध हैं कि वे भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के अंतर्गत अपराध नहीं बन सकते। अपीलकर्ता के विरुद्ध ऐसा कोई आरोप नहीं है कि युवती के पास आत्महत्या के दुर्भाग्यपूर्ण कृत्य के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था।

**युवती का परिवार ही इस रिश्ते से नाखुश था- सुप्रीम कोर्ट:** अदालत ने कहा कि रिकार्ड से यह पता चलता है कि अपीलकर्ता और उसके परिवार ने युवती पर उसके और युवक के बीच संबंध समाप्त करने के लिए कोई दबाव डालने का प्रयास नहीं किया। पीठ ने कहा, वास्तव में, युवती का परिवार ही इस रिश्ते से नाखुश था। भले ही अपीलकर्ता ने बाबू दास और युवती के विवाह के प्रति अपनी असहमति व्यक्त की हो, लेकिन यह आत्महत्या के लिए उकसाने के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आरोप के स्तर तक नहीं पहुंचता है। पीठ ने कहा कि उकसावे का कृत्य नहीं कहा जाएगा।

# भोजपुरी समाज सेवा समिति बंगलोर के प्रधान कार्यालय पर भव्य गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**बंगलोर**, शहर के सुप्रसिद्ध सामाजिक संगठन भोजपुरी समाज सेवा समिति (रजि) ने अपने इंदिरा नगर स्थित प्रधान कार्यालय पर भव्य गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया। समारोह में बड़े संख्या में भूतपूर्व सैनिक, वरिष्ठ नागरिक, महिलाओं एवं बच्चों ने भाग लिया ? । समिति के संस्थापक अध्यक्ष एवं चेयरमैन संजय सिंह उज्जैन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। अपने संबोधन में उन्होंने ईमानदारी के साथ देशभक्ति करने की अपील की तथा कहा कि



हमें सदैव ईमानदारी के मार्ग पर चलना चाहिए।?सदैव सच्चाई का साथ देना चाहिए। गंदगी नहीं फैलानी चाहिए तथा जल को बचाना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने देश के प्रथम राष्ट्रपति डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद सहित संविधान के सभी रचयिताओं को नमन किया साथ ही साथ सभी वीर सेनानियों को याद किया। उन्होंने सीमा पर तैनात भारत माता के रक्षक वीर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की तथा वीर शहीदों को नमन किया।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवी जे बी सिंह, एन के सिंह, रिपू मर्दन कुमार, डी के साव को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

समिति के चेयरमैन संजय सिंह उज्जैन ने गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित करने हेतु गठित टीम के अध्यक्ष श्रीमति प्रतिमा सिंह, सह-अध्यक्ष श्रीमती किरण पटेल, उपाध्यक्ष डी के साव, व्यवस्थापक जे पी सिंह एवं सह व्यवस्थापक गिरीश चन्द्र पाण्डेय के कायों कि सराहना की तथा उपस्थित जनसमूह ने तालियों के गड़गड़ाहट से सभी का स्वागत किया। समिति के महासचिव एवं अध्यक्ष ट्रस्ट बोर्ड एल पी सिंह, सचिव गिरीश चन्द्र पाण्डेय, सचिव (सुचना एवं प्रसारण) रिपु मर्दन, कोषाध्यक्ष जे बी सिह, शिक्षाविद् दिनेश सिंह एवं यदुनंदन यादव ने सभा को संबोधित किया।

समारोह में मनमोहन रंगारंग कार्यक्रम कि प्रस्तुति की गई। गणतंत्र दिवस के अवसर पर फ्लेक्स व्यवसायी एवं समिति के सह कोषाध्यक्ष तथा ट्रस्टी राकेश कुमार पटेल ने समाज सेवा में अग्रणी संगठन भोजपुरी समाज सेवा समिति के सभी सदस्यों को 76वे गणतंत्र दिवस कि शुभकामनाएं दीं । इस अवसर पर ट्रस्टी श्रीमती चंदा सिंह, रामावती देवी, चार्टर एकाउंटेंट निधी ऊर्फ रिमझिम, अंशिका सिंह , खुशबू पटेल, उपेन एवं गनु जी मौजूद रहे।

# उत्तराखंड में यूसीसी लागू होने पर हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन व श्रम मंत्री अनिल विज ने जताई खुशी

**चंडीगढ़/अम्बाला।**

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने उत्तराखंड सरकार द्वारा समान नागरिक संहिता (छ्ष्ट) लागू करने पर खुशी जताते हुए कहा कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री बहुत बड़ा माइलस्टोन स्थापित करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ÷जब देश एक है तो कानून भी सभी के लिए एक ही होना चाहिए, जबकि यह बहुत पहले ही हो जाना चाहिए था। इस संबंध में श्री विज ने एक्स पर पोस्ट कर मुख्यमंत्री उत्तराखंड के इस कार्य की सराहना भी की है। उधर, आज पत्रकारों से बातचीत के दौरान श्री विज ने कहा कि समान नागरिक संहिता (छ्ष्ट) लागू करना बहुत बड़ा कदम है और वे उसकी पूरी तरह से सराहना करते है। उन्होंने कहा कि ÷जब देश एक है तो कानून भी सभी के लिए एक ही होना चाहिए, यह बहुत पहले ही हो जाना चाहिए था। मगर, पूर्व की सरकारें तुष्टीकरण की नीति पर चलती रही जिस कारण से यह नहीं हुआ, एक देश एक कानून होना चाहिए÷। डोमेस्टिक एयरपोर्ट से विमान सेवा जल्द प्रारंभ होगी = विज ऊर्जा व परिवहन मंत्री अनिल विज ने डोमेस्टिक एयरपोर्ट अम्बाला छावनी से विमान सेवा प्रारंभ करने को लेकर गत दिवस हुई बैठक पर कहा कि डोमेस्टिक एयरपोर्ट जल्द प्रारंभ होगा और इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है। वहीं, दिल्ली में आम आदमी पार्टी द्वारा आदमी पार्टी का कलचर है ।

# खोदावंदपुर में हर्षोल्लास के साथ सरकारी गैर सरकारी कार्यालयों व संस्थानों में किया गया झंडोत्तोलन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**खोदावंदपुर /बेगूसराय।** 76वीं गणतंत्र दिवस के अवसर पर हर्षोल्लास के साथ झंडोत्तोलन किया गया.प्रखंड सह अंचल कार्यालय में प्रखंड प्रमुख संजू देवी, हल्का कार्यालय में अंचल अधिकारी प्रीति कुमारी, खोदावंदपुर थाना परिसर में थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार, सीएचसी में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिलीप कुमार, कृषि विज्ञान केन्द्र बेगूसराय में वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ राम पाल, बीआरसी में बीईओ दानी राय, मनरेगा कार्यालय में कार्यक्रम पदाधिकारी मनीष झा, कौशल विकास केन्द्र में संचालक चंदन कुमार, विजय कारगिल भवन खोदावन्दपुर में स्थानीय विधायक राजवंशी महतो, आइसीडीएस कार्यालय में सीडीपीओ डॉ दर्शना कुमारी, विधुत पावर सबग्रिड खोदावन्दपुर में कनीय अभियंता पवन कुमार, बरियारपुर पश्चिमी पंचायत भवन परिसर में प्रभारी मुखिया राकेश रामचंद महतो, सरस्वती पब्लिक स्कूल बरियारपुर पूर्वी में बीडीओ नवनीत नमन, राजकीयकृत किसान प्लस टू विद्यालय तारा बरियारपुर में प्रभारी



प्रधानाध्यापक अरुण कुमार, उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नुरुल्लाहपुर में प्रधानाध्यापक पन्नालाल रजक, सीडी फोर्ट पब्लिक स्कूल नारायणपुर में मुख्य अतिथि ई एन शर्मा, आर के पी बुद्धा एकेडमी तारा बरियारपुर में चेयरमैन डॉ एन के सिंह, रीवर वैली टीचर्स ट्रेनिंग सेंटर नरहन स्टेट में निदेशक नवीन कुमार, लिटिल हैप्पी होम स्कूल सागी में निदेशक ताजउद्दीन सिद्धकी, आइडियल प्रेप पब्लिक स्कूल बरियारपुर पूर्वी में निदेशक राजाराम महतो, प्राथमिक विद्यालय सिरसी दक्षिण भाग में प्रभारी प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार के द्वारा झंडोत्तोलन कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी गयी. झंडोत्तोलन के बाद वक्ताओं ने संविधान की महत्ता और हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला. इसके अलावे विभिन्न कार्यालयों व संस्थानों के प्रमुख द्वारा बड़ी धूमधाम से झंडोत्तोलन किया गया. तथा कई विद्यालयों में स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया.गणतंत्र दिवस को लेकर खासकर छात्र- छात्राओं में काफी उत्साह देखा गया.

# सावित्री देवी बालिका मारवाड़ी उच्च विद्यालय में मना गणतंत्र दिवस

राष्ट्र संवाद( ब्यूरो चीफ)
अशोक कुमार ठाकुर

नगर के सावित्री देवी मारवाड़ी बालिका उच्च विद्यालय तेघड़ा में 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की अध्यक्षा नीलम देवी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर किया। इस अवसर पर छात्रों ने देश भक्ति गीत केसरिया भारत प्रस्तुत किया ।विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं ने अपनी कला की जोहर दिखाई जसमे देश भक्ति से जुड़ी लघु नाटक के साथ साथ एक से बढ़कर एक गीत व संगीत की प्रस्तुति देकर लोगों को देश भक्ति में लीन कर दी। स्कूली छात्राओं द्वारा देशभक्ति से जुड़ी एक से बढ़ कर एक प्रस्तुतियां खूब तालियां



बटोरी। विशेष रूप से वंदे मातरम पर प्रस्तुत नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। अध्यक्षा नीलम देवी ने अपने संबोधन में गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिन हमारे संविधान की महानता और देश की एकता का प्रतीक है। हमें अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए देश के विकास में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम के आयोजन में प्राचार्या नूतन कुमारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन गैलेक्सी कान्वेंट के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय की अध्यक्षता ने बताया कि 2021 में उन्होंने अध्यक्ष का प्रभार ग्रहण किया इन 5 वर्षों के अंदर विद्यालय को एक आदर्श विद्यालय के रूप विद्यालय को स्थापित किया है जो तेघड़ा अनुमंडल के लिए एक मॉडल स्वरूप है। उन्होंने बताया कि मार्च माह में विद्यालय में सेवा दे रहे सभी कर्मियों का वेतन वृद्धि और एक बेहतर प्रोग्राम हाल के साथ ही अन्य शैक्षणिक आधुनिक सुविधा मुहैया करवाना सुनिश्चित किया जाएगा। मौके पर सचिन रश्मि कालोठिया, मधु अग्रवाल, मधु शर्मा, राधा देवी, संतोष राज करिया आदि शामिल हुए।

# गणतंत्र दिवस पर पिपरा दोदराज राज पंचायत के ग्राम सभा में हुआ ऐतिहासिक निर्णय

राष्ट्र संवाद( ब्यूरो चीफ)
अशोक कुमार ठाकुर

### आत्मनिर्भरता और स्वास्थ्य पर दिया जोर

उत्तरी तेघड़ा के पिपरा दोदराज पंचायत भवन के परागण में गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित ग्राम सभा में आगामी वित्तीय वर्ष के लिए ग्राम विकास योजना को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने शिक्षित होने, स्वस्थ रहने और कुपोषण से मुक्ति के लिए शपथ ली।

मुखिया नीरज प्रभाकर के नेतृत्व में आयोजित ग्राम सभा में मुख्य रूप से आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा और स्वास्थ्य ग्राम पंचायत बनाने पर जोर दिया गया। जिसमें में पिरामल फाउंडेशन, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग के अधिकारी, स्वयं



सहायता समूह की महिलाएं, स्थानीय युवा, मीडियाकर्मी और अध्यात्म गुरु समेत लगभग सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

ग्राम सभा ने आने वाली पीढ़ी के लिए एक हंसता-खेलता और सक्षम पंचायत बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए एक अभियान चलाने का निर्णय लिया।

मुखिया नीरज प्रभाकर ने कहा कि आपसी समन्वय से हम अपने पंचायत को सक्षम बनाएंगे, पिरामल फाउंडेशन के दीपक मिश्रा ने ग्रामीणों को शपथ दिलाई एवं अर्पित पाल ने आगामी 10 फरवरी से घर घर फाइलेरिया निरोधक दवा वितरण अभियान के बारे में बताया। कृषि विभाग के अधिकारी ने कृषि क्षेत्र को बेहतर बनाने की जानकारी दी।

ग्राम सभा में ग्रामीणों ने खुल कर ग्राम विकास पे चर्चा की।

## सार-संक्षेप

### 50 मीटर सेक रेस में कृष्ण कांत, अनिरुद्ध, अभिनव मारे बाजी




राष्ट्र संवाद संवाददाता

**बरौनी /बेगूसराय** सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक के नेतृत्व में गत 24 और 25 जनवरी तक आयोजित दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में बरौनी और गढ़हरा के कार्यरत कई रेल कर्मियों ने कौशल व उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपना जलवा बिखेरा. गौरतलब हो कि मंडल रेल प्रबंधक सोनपुर विवेक भूषण सूद के द्वारा मंडल के कर्मचारियों एवं आश्रितों के शारीरिक, मानसिक एवं समाजिक विकास के मद्देनजर विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन कर प्रतिभागियों में शारीरिक क्षमता और कौशल विकसित कराने के उद्देश्य से यह खेल प्रतियोगिता आयोजित थी. जिसमें मंडल के सभी विभागों के कर्मचारियों एवं आश्रितों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं अल्पाहार किया गया. डीआरएम के द्वारा सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों को संदेश दिया कि सभी अपने और परिवार को स्वस्थ रखने के लिए खेल-कूद गतिविधियां करते रहें. स्वास्थ्य सही रहने पर स्वयं के साथ-साथ रेल सेवा सुचारू रूप से करेंगे, जिससे कि अपना प्यारा भारत और अधिक तरक्की करेगा. तत्पश्चात मंडल रेल प्रबंधक के द्वारा क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता को प्रशस्ति पत्र से नवाजा गया. जिसमें स्थानीय रेल नगरी के कर्मी कृष्ण कांत, दिगम्बर पासवान, लालू कुमार, अनिरुद्ध राज,अभिनव राज,दिग्गज झा,दिलीप पासवान, प्रवीण,सुधीर,रंजीत आदि शामिल हैं. मालूम हो कि अनिरुद्ध राज,अभिनव राज, कृष्ण कांत 50 मीटर सेक रेस में क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान एवं दिगम्बर, लालू, दिलीप, प्रवीण, दिग्गज, रंजीत, सुधीर कबड्डी टीम में तृतीय स्थान प्राप्त किए. सफल आयोजन को लेकर कर्मचारियों एवं बुद्धिजीवियों ने जमकर डीआरएम की प्रशंसा एवं सराहना की.

### पंचायत के विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र से नवाजे गए मुखिया



**वीरपुर/ बेगुसराय** गणतंत्र दिवस 2025 के अवसर पर समाहरणालय बेगुसराय के द्वारा सम्मान कार्यक्रम आयोजित कर रविवार को वीरपुर पूर्वी पंचायत के विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने को ले डीएम तुषार सिंगला व उनकी टीम के द्वारा मुखिया पूनम देवी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसकी जानकारी देते हुए वीरपुर पुर्वी के मुखिया प्रतिनिधि राम प्रवेश सिंह ने बताया कि इस सम्मान के लिये मैं अपने प्रखंड के बीडीओ व अन्य पदाधिकारी, पंचायत के सभी सम्मानित वार्ड सदस्य, अन्य जनप्रतिनिधियों व आमजन के प्रति आभार प्रकट करता हूं। सभी लोगों के सहयोग से ही वीरपुर पूर्वी पंचायत विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही है। और भविष्य में भी आम जन के लिए विकास के सभी आवश्यक कार्य किए जायेंगे।

# संत पॉल पब्लिक स्कूल तेघड़ा में 76वें गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया

राष्ट्र संवाद( ब्यूरो चीफ)
अशोक कुमार ठाकुर

संत पॉल पब्लिक स्कूल तेघड़ा में 76वें गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसके मुख्य अतिथि विद्यालय के सचिव श्री रामबली सिंह एवं विशिष्ट अतिथि विद्यालय की प्रेसिडेंट श्रीमती लक्ष्मी कुमारी की उपस्थिति में

कार्यक्रम का विधिवत शुरूआत विद्यालय के सचिव श्री रामबली सिंह, प्रबंधक श्री सुनील कुमार सिंह, प्राचार्य डॉ विनय ओझा, उप प्राचार्य श्री संजीव कुमार मिश्रा, हरे राम राय, संजय राय एवं वरिष्ठ शिक्षक राम कुमार मिश्रा के द्वारा संयुक्त रूप से झंडोत्तोलन के साथ हुआ। मंच संचालन विद्यालय की छात्रा कृत्तिका कुमारी और लक्ष्मी कुमारी ने सयुंक्त रुप से कि क विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय गीत की प्रस्तुति के साथ देश की आन, वान और शान का प्रतीक तिरंगा को सलामी दिया । मौके पर छात्र-छात्राओं द्वारा झंडा गीत के साथ



विद्यालय के भाभा, रमन, न्यूटन एवं डार्विन हाऊस के बच्चों ने शारीरिक शिक्षक राम प्रवेश के नेतृत्व में बारी-बारी से परेड के साथ-साथ आकर्षक एवं मनमोहक झांकी प्रस्तुत करते हुए राष्ट्र के अक्षुण्ण एकता और समर्पण का प्रतीक तिरंगा को सलामी दिया ।

उसके बाद छात्र - छात्राओं ने एक से बढ़कर एक देश भक्ति, गीत, संगीत और भाषण की प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया।

विद्यालय के सचिव रामबली सिंह ने अपने संबोधन में कहा शिक्षा सिर्फ नौकरी पाने का उद्देश्य नहीं बल्कि अपनी सभ्यता और संस्कृति से अलंकृत होना अनिवार्य है। वही प्राचार्य डॉ विनय ओझा ने कहा - जरूरत है बड़े स्वप्न के साथ शिक्षित हो, कठिन परिश्रम और अपना बहुमूल्य योगदान देकर अपने देश को समर्पण आपसे सेवा करने की।

मौके पर विद्यालय के प्रबंधक श्री सुनील कुमार सिंह ने कहा - अभिभावकों ने जिस तरह विद्यालय पर विश्वास कर सहयोग और समर्थन दिया, इसके लिए वे हमेशा अभिभावक के विश्वास पर खड़े उतरने के लिए प्रतिबद्ध हैं क कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक एवं प्राचार्य द्वारा वर्ग के क्रिया-कलाप, हाउस बोर्ड अलंकरण और वर्ग टॉपर के आधार पर भाभा हाऊस के इनचार्ज प्रेम कुमार मुरारी (शिक्षक) और प्रियांशु कुमार (छात्र हाऊस कप्तान) को प्रथम तथा डार्विन हाउस के इनचार्ज त्रिपुरारी कुमार सिंह (शिक्षक) और आर्यन कुमार (छात्र हाउस कप्तान) को द्वितीय स्थान प्राप्त करने के लिए नवाजे गए क साथ ही सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक श्री सुरेंद्र कुमार सिंह, संजीव कुमार सिंह, श्री राम पुनीत राय, रंजीत कुमार, रंजन कुमार, अविनाश कुमार मिश्रा, भीम कुमार, कंचन कुमारी, प्रेम माधुरी, प्रीति प्रिया, प्रफुल्ल कुमार, पवन कुमार मिश्रा, राज किशोर कुमार, दीपक कुमार, राकेश कुमार, सौरभ कुमार, विकास कुमार आदि मौजूद थे।

### उच्च माध्यमिक विद्यालय आधारपुर में टीएलएम मेला: शिक्षकों ने प्रतिभा मॉडल का किया प्रदर्शन

राष्ट्र संवाद (ब्यूरो चीफ) अशोक कुमार ठाकुर

तेघड़ा प्रखंड अंतर्गत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आधारपुर संकुल संसाधन केन्द्र में 27 जनवरी सोमवार को संकुल स्तरीय टीएलएम मेला का आयोजन किया गया। जिसमें संकुलाधीन सभी विद्यालयों के शिक्षकों एवं बच्चों ने विभिन्न विषयों के कई अधिगम सामग्रियों का प्रदर्शन कर मन मोह लिया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन विभाग के प्रखंड परियोजना प्रबंधक शशि भूषण प्रसाद एवं बीआरपी किरण कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। वहीं प्रांगण में दर्जनों स्टॉल पर लगे शिक्षण अधिगम सामग्री का अतिथियों ने निरीक्षण कर शिक्षक-शिक्षिकाओं की मेहनत को सराहा। टीएलएम मेला में प्राथमिक व माध्यमिक स्तर के कुल सात स्कूलों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि बीपीएम शशि भूषण प्रसाद ने प्रदर्शनी को लेकर शिक्षकों पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि विद्यार्थी शिक्षक की संपत्ति होता है। इसका ख्याल रखने की जिम्मेदारी शिक्षक की है। विद्यार्थियों को खेल-खेल और सरल तरीके से ज्ञान देने की जरूरत है। इधर विभिन्न विद्यालय के शिक्षकों ने विभिन्न विषयों की अवधारणा को स्पष्ट करने के लिए प्रदर्शनी प्रस्तुति कर कई उपकरणों का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों को कैसे पढ़ना है इस बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल समन्वयक मोहम्मद मंजर सायन ने किया जबकि संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह संकुल संचालक शमशेर आलम ने की। प्रदर्शनी के अवसर पर प्रधानाध्यापक शमशेर आलम ने बताया कि अपने सामग्रियों के माध्यम से ऐसा प्रयास करते हैं कि छात्रों में जल्द से जल्द विषय की समझ बने। इससे पूर्व विद्यालय की छात्राओं ने अतिथियों के स्वागत में स्वागत गाना प्रस्तुति कर अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर निर्णायक मण्डल के द्वारा उत्कृष्ट विद्यालयों के शिक्षक द्वारा निर्मित टीएलएम का चयन किया गया और उन्हें इस मौके पर सम्मानित किया गया। मौके पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय संस्कृत हरिहरपुर के प्रधानाध्यापक शशि कुमार पवन, उत्क्रमित मध्य विद्यालय चक उधो हरिहरपुर के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार ठाकुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पैगंबरपुर अयोध्या के प्रधानाध्यापक मंजर सायन, मध्य विद्यालय तेजपुर, प्राथमिक विद्यालय अंबेडकर नगर हरिहरपुर, उर्दू प्राथमिक विद्यालय बिनलपुर के अलावे अन्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक ,शिक्षक- शिक्षिकाओं एवं सैकड़ो छात्र-छात्राएं कार्यक्रम में शामिल हुए

### खोदावन्दपुर में सामाजिक कार्यकर्ता के असामयिक निधन पर शोक

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**खोदावंदपुर/बेगूसराय** खोदावन्दपुर पंचायत के वार्ड एक स्थित बजही टोला निवासी 68 वर्षीय सामाजिक कार्यकर्ता राम नरेश निराला की असामयिक निधन 26 जनवरी को उनके आवास पर हो गयी. वे लंबे समय से गंभीर बीमारी से ग्रसित थे. उनके निधन की खबर सुनते ही क्षेत्र के दर्जनों सामाजिक व



राजनीतिक दलों के कार्यकताओं में शोक की लहर दौड़ गयी. उनके निधन पर प्रखंड प्रमुख संजू देवी, उपप्रमुख नरेश पासवान, पूर्व प्रमुख मिथिलेश कुमार मिश्रा, पंसस जुनैद अहमद, विनोद सहनी, प्रखंड जदयू अध्यक्ष मनीष कुमार, जदयू नेता गोपाल कुशवाहा, डॉ विकाश कुमार, डॉ कैलाश कुमार, समाजसेवी हेमंत महतो, सुनील कुमार, सुशील कुमार, संजीत कुमार, तरुण कुमार रौशन, नीतीश कुमार, नीरज कुमार सहित अनेक लोगों ने शोक व्यक्त की है.




# 26 जनवरी के अवसर पर बच्चों के बीच पुरस्कार वितरण समारोह

राष्ट्र संवाद संवाददाता
पूजा सिंह

साहेबपुर कमाल प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत सनहा अहमदगंज स्थित दी फ्यूचर फाउंडेशन स्कूल में 26 जनवरी के अवसर पर बच्चों के बीच प्रतिभा को निखारने के लिए पुरस्कार वितरण का भव कार्यक्रम आयोजन किया गया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बलिया पटेल चौक स्थित उमा नर्सिंग होम के प्रोपराइटर सह वरिष्ठ सर्जन डॉक्टर रामअनुज शर्मा थे। स्कूल के निदेशक शाहिद इकबाल अतहर शबाब फहीम ने बताया कि 19 जनवरी को दी फ्यूचर फाउंडेशन स्कूल में स्कूल के बच्चों के अलावा आसपास के क्षेत्र के कई प्राइवेट स्कूलों के बच्चों का एक साथ क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया था। जिसमें लगभग 100



बच्चे उत्तीर्ण हुए थे। उनमें सफल बच्चों के बीच 26 जनवरी के दिन पुरस्कार वितरण किया गया। जिसके मुख्य अतिथि डॉ राम अनुज शर्मा के हाथों प्रतियोगिता में सफल हुए बच्चे एवं बच्चियों के बीच प्रमाण पत्र, शील्ड, मेडल, कलम देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद फरोग उर रहमान तथा स्थानीय चिकित्सक डॉक्टर अरुण कुमार, स्कूल के प्रोफेसर, शिक्षक सहित गण मान लोग मौजूद थे।

# मतदाता दिवस पर बीएलओ सम्मानित: लोकतंत्र को मजबूत करने को दिलाया गया संकल्प

राष्ट्र संवाद (ब्यूरो चीफ )
अशोक कुमार ठाकुर

प्रखंड मुख्यालय के अटल कलाम भवन में 25 जनवरी शनिवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर अनुमंडल एवं प्रखंड प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर निर्वाचन संबंधी उत्कृष्ट कार्य करने 50 बीएलओ को सम्मानित किया गया। वही लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई। अनुमंडल निर्वाचि पदाधिकारी सह एसडीओ राकेश कुमार ने बताया तेघड़ा विधानसभा निर्वाचन संबंधी समस्त कार्य पूर्ण निष्ठा व समर्पण से किए जाने के फलस्वरूप उत्कृष्ट कार्य करने वाले 50 कार्मिकों को प्रशस्ति



प्रमाणपत्र एवं कैप देकर सम्मानित किया गया है। इसके साथ ही कर्मियों एवं ग्रामीणों के साथ लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली । डीसीएलआर चंदन कुमार ने कहा कि 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है यह दिन हमारे लोकतंत्र की नींव को मजबूत करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। बीडीओ राकेश कुमार ने मतदान दिवस मनाए जाने के उद्देश्य बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस का उद्देश्य नागरिकों को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक करना है ताकि वह सही प्रतिनिधियों का चयन कर सके और देश के विकास में योगदान दे सके। वहीं मुखिया अनुराग प्रताप सन्नी ने कहा कि मतदान एक नागरिक का अधिकार और कर्तव्य दोनों है हमें सभी को अधिकार और कर्तव्य की जानकारी देना है।

**इन्हें किया गया सम्मानित**

सुबोध कुमार ,पवन कुमार यादव ,धर्मेंद्र महतो ,चंदन कुमार ,दिवाकर ठाकुर ,मोहम्मद फारूक ,संतोष कुमार ठाकुर, साजन कुमार शर्मा ,दिनेश कुमार राय ,मोहम्मद शमशाद आलम, अजीत कुमार सिंह ,लाल बहादुर राय, रंजीत कुमार मिश्रा ,विनोद कुमार ,श्याम कुमार, सरिता कुमारी, सरोज कुमार सहित 50 की संख्या में बीएलओ सम्मानित हुए। मौके पर निर्वाचन कार्यालय के अमामुल हक ,रवींद्रनाथ पाठक आदि मौजूद थे।




पंजीयन संख्या :JHAHIN01092 स्वामी , प्रकाशक , मुद्रक व संपादक देवानंद सिंह द्वारा अमन प्रिंटर , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर - 3 से मुद्रित तथा अमन पब्लिकेशन राष्ट्र संवाद , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर -3 झारखंड से प्रकाशित ।फोन : 0657 - 2341060 /2344002 मो:09431179542 /09102339999 / 07739802044 / 09334823893

# पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन की संशोधित कार्यसमिति: संगठन को मजबूती और नई दिशा

**जमशेदपुर, राष्ट्र संवाद सं**

पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन ने संगठन को सशक्त बनाने और उसके कार्यों को और अधिक प्रभावी रूप से संचालित करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। संगठन ने हाल ही में रिक्त पड़े महत्वपूर्ण पदों पर नई नियुक्तियां की हैं। इन नियुक्तियों का उद्देश्य न केवल संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करना है, बल्कि समाज सेवा और सामूहिक विकास के लिए संगठन के मिशन को गति देना भी है।

संगठन की वर्तमान कार्यसमिति अपनी जिम्मेदारियों को पहले की भांति निभाती रहेगी। यह टीम सामूहिक प्रयासों और नीतिगत सुधारों के साथ संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

जिला अध्यक्ष का संदेशः

संगठन के जिला अध्यक्ष श्री मुकेशमित्तल ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास जताया कि ये नियुक्तियां संगठन के लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने में सहायक होंगी। उन्होंने अपने संदेश में कहाः ह्लसंगठन का मूल उद्देश्य समाज के हर वर्ग की सेवा करना और एकजुटता को बढ़ावा देना है। मुझे भरोसा है कि हमारी नई टीम संगठन की विरासत को और मजबूत करेगी और हमारे समाज को गौरवान्वित करेगी।ह्व

पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन संशोधित कार्यकारिणी समिति 2023-25

मुख्य संरक्षक

श्री आर.के. चौधरी (बीजू बाबू), श्री राजकुमार अग्रवाल, श्री रमेश अग्रवाल

संरक्षक

श्री अनिल अग्रवाल (तनिष्क), श्री अरुण बाकरेवाल, श्री बाबूलाल गर्ग, श्री बाबूलाल सोंथालिया, श्री बजरंग लाल चौधरी, श्री बालमुकुंद गोयल, श्री बिनोद देबुका, श्री बिश्वनाथ माहेश्वरी, श्री ब्रह्मदत्त शर्मा, श्री चतुर्भुज अग्रवाल, श्री छीतरमल धूत, श्री दीपक भालोटिया, श्री दिलीप गोयल, श्री धर्म चन्द्र पोद्दार, श्री दुर्गा प्रसाद लोढ़ा, श्री फकीरचंद अग्रवाल, श्री गजानंद भालोटिया, श्री गणेश रुंगटा, श्री गौतम चन्द्र गोलेचा, श्री गोविंद दोदराजका, श्री हरि मित्तल, श्री इंदरअग्रवाल, श्री जगदीश प्रसाद अग्रवाल (सहरिया), श्री जय नारायण गुप्ता, श्रीमती जयाडोकानिया, श्री कैलाश सरायवाला, श्री कमल सिंघानिया, श्री केदार जैसुका,, श्री संजय पलसानिया, श्री खजांची लाल मित्तल, श्री कृपा शंकर मूनका,,, श्री लडडूमेगोतिया, श्रीमती लता अग्रवाल, श्री महाबीरनागेलिया, उअ राजिंद्रअग्रवाल, श्री महेश चन्द्र शर्मा, श्री महिंदर मोदी, श्री मामराजअग्रवाल, श्री मोहन लाल गुप्ता, श्री मुरलीधर केडिया, श्री नरेश अग्रवाल, श्री नरेश कौंटिया, श्री नवीन अग्रवालसुल्तानिया, श्री निर्मल काबरा, श्री ओम प्रकाश रिंगसिया, श्री प्रवीण गुटगुटिया, श्री प्रेम गुप्ता, श्रीमती प्रेमलताअग्रवाल, श्री राजकुमार चंदुका, श्री रामावतारअग्रवाल (स्टील सिटी), श्री सज्जन नरेडी, श्री संतोष अग्रवाल, श्री संतोष खेतान, श्री संत लाल खंडेलवाल, श्री सत्यनारायण जैन, श्री शम्भूखन्ना, श्री शंकर लाल मित्तल, श्री शंकर लाल मित्तल, श्री सीतारामअग्रवाल, श्री शम्भू प्रसाद मित्तल, श्री श्याम सुंदर खेमानी, श्री सुभाष मूनका, श्री सुभाष शाह, श्री सुनीलअग्रवाल (शार्प भारत), श्री सुरेश आगीवाल, श्री सुरेश देबुका, श्री सुरेश सोंथालिया, श्री उमेश कौंटिया, श्री विजय तुलस्यान अध्यक्ष श्री मुकेश मित्तल महासचिव श्री प्रदीप कुमार मिश्रा, कोषाध्यक्ष श्री विजय कुमार गोयल, मीडिया प्रभारी श्री अंकित मोदी, उपाध्यक्ष श्री मुकेश आगीवाल श्री राजेंद्र मोदी, श्री नरेश अग्रवाल, श्री संजय अग्रवाल, श्री प्रमोद सरायवाला, श्री राजेश पसारी, श्री राजकुमार अग्रवाल (अगरबत्ती), श्री अशोक खण्डेलवाल, श्रीमती अनिताअग्रवाल, श्रीमती प्रभा पाडिया, श्री विवेक पुरिया, श्री श्याम सुंदर अग्रवाल, श्री पवन अग्रवाल

सचिव

श्री सुनीलरिंगसिया, श्री दीपक पटवारी, श्री संजय लोढ़ा, श्रीमती निशासिंघल, श्रीमती संगीतामित्तल, श्रीअंकुशजवानपुरिया, श्री विमल अग्रवाल, श्री गोविंद अग्रवाल, श्री वीरेन्द्र मूनका, श्री हन्नू जैन, श्री संदीपरिंगसिया, श्री विकास सिंघानिया, श्रीमती कविता अग्रवाल

कार्यकारी समिति

श्री अक्षय अग्रवाल, श्री अमन कुमार नारेडी, श्री अमित अग्रवाल, श्री अमित खंडेलवाल, श्री अमित साह, श्री अमित सरायवाला, श्री आनंद सेकसरिया, श्री अंशुलरिंगसिया, श्री अशोक आगीवाल, श्री बिनोदअग्रवाल, श्री बिनोदडंगबजिया, श्री बिश्वनाथनरेडी, श्री चेतन अग्रवाल, श्री दीपक चेतानी, श्री दिनेश अग्रवाल, श्री कमल सिंघल, श्री कमलेश अग्रवाल, श्री कौशिक मोदी, श्री ललित अग्रवाल, श्री ललित डांगा, श्री ललित मित्तल, श्री मधुर अग्रवाल, श्री महाबीरअग्रवाल (गायक), श्री महेश गुप्ता, श्री महेश सांघी, श्री मनोज मूनका, श्री मुकेशमित्तल, श्री मुरारीअग्रवाल (मुरारी होटल), श्री नरेश सिंघानिया, श्री नटवर मोदी, श्री ओमप्रकाशअग्रवाल, श्री संजय अग्रवाल (पिंटू), श्री पंकज अग्रवाल, श्री पप्पूबंसल, श्री पवन अग्रवाल, श्री प्रभासमूनका, श्री प्रदीप गुप्ता, श्री प्रीतम जैन, श्री राजेश शर्मा, श्री रामबाबूअग्रवाल, श्री रतन सहारिया, श्री संजय अग्रवाल (प्रेस), श्री संजय कसेरा, श्री संजय शर्मा, श्री संतोष अग्रवाल, श्री सांवरमल शर्मा , श्री सौरवसोंथालिया, श्री शिवम चेतानी, श्री सीतारामदेबुका, श्री सुनीलदेबुका, श्री सुशील अग्रवाल, श्री सुशील अग्रवाल (प्रेस), श्री सुशील मित्तल, श्री सुशील रामरायका, श्री तुषार जिंदल, श्री उमंग अग्रवाल, श्री विजय मोदी, श्री विकास अग्रवालचंद्रबली, श्री विनीत चौधरी, श्री विवेक अग्रवाल, श्री विवेक गर्ग, श्री विवेक पुरोहित, श्री योगेश कुमार अग्रवाल

विशेष आमंत्रित

श्री आदर्श दोदाराज्का, श्री महेश गोयल, श्री अजय भालोटिय, श्रीमती मंजूखंडेलवाल, श्री आलोक चौधरी, श्री नंदकिशोरअग्रवाल, श्री अमित मूनका, श्री नरेश मोदी, उअ अनिल रिन्गसिया, श्री पदमअग्रवाल, श्री आनंद अग्रवाल, श्री पवन अग्रवाल, श्री अनुराग अग्रवाल, श्री पवन सिंघानिया, श्री आनंद चौधरी, श्री प्रदीप अग्रवाल, श्री अनिल मोदी, श्री प्रकाश अग्रवाल, श्री अनीश खिरवाल, श्री प्रकाश जोशी, श्री अरुण अग्रवाल, श्री राधेश्यामअग्रवाल, श्री अशोक अग्रवाल (श्री ज्वैलर्स), श्री राजेशमित्तल (अधिवक्ता), श्री अशोक चौधरी, श्री राजेशनागेलिया, श्री अशोक गोयल, श्री राजेशरिंगसिया, श्री बजरंग लाल अग्रवाल, श्री रमन अग्रवाल, श्री बिमलबाक्रेवाल, श्री रमेश मूनका, श्रीमती बीना खिरवाल, श्री रामोतारअग्रवाल, श्री बिश्वनाथ शर्मा, श्री रामरतनगर्ग, श्री भारत भूषण अग्रवाल, श्री रवि अग्रवाल, श्री भोला चौधरी, श्री शिव प्रकाश शर्मा, श्री बिमलबजाज, श्री संजय मित्तल, श्री बिनोदमित्तल, श्री सांवरमलअग्रवाल, श्री दीपक मित्तल (चिंटू), श्री सांवरमलसेवड़ा, श्री दिनेश अग्रवाल (मुन्ना), श्री शंकर अग्रवाल, श्री हर्ष बाक्रेवाल, श्रीमती सुशीलाखिरवाल, उअ जगदीश खंडेलवाल, श्री श्रवण देबुका, श्री जगदीश मूनका, श्री सुनीलजवानपुरिया, श्री गोपाल कृष्ण अग्रवाल, श्री सुरेश हरनाथका, श्री किशन संघी, श्री सुशील शर्मा, श्री कमल नरेडी, श्री सुशील सिंघानिया, श्री किशोर गोलछा, श्री उमेश शाह, श्री कृष्णा भालोटिया, श्री विजय अग्रवाल, श्री महाबीरअग्रवाल, श्री विजय आनंद मूनका, श्री महाबीर मोदी, श्री विकास मित्तल (अधिवक्ता), श्री महेश छापोलिया, श्री विनोद शर्मा (कामसा), श्री महेश गुप्ता, श्री विनीत अग्रवाल

आमंत्रित

पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन के सभी पूर्व अध्यक्ष, ढरेटर के तहत सभी शाखाओं के अध्यक्ष और सचिव, झारखण्ड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के सभी पदाधिकारी और कार्यकारी समिति के सदस्य जो ढरेटर के सदस्य हैं, अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन के सभी संरक्षक एवं विशेष संरक्षक सदस्य जो ढरेटर के सदस्य हैं, अध्यक्ष एवं सचिव इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन, झारखंड, अध्यक्ष एवं सचिव मारवाड़ी युवा मंच, झारखंड, अध्यक्ष एवं सचिव अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन, झारखंड, अध्यक्ष एवं सचिव मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी, अध्यक्ष एवं सचिव मारवाड़ी युवा मंच जमशेदपुर, अध्यक्ष एवं सचिव मारवाड़ी युवा मंच सुरभि, अध्यक्ष एवं सचिव मारवाड़ी युवा मंच टाटानगरअचीवर्स, अध्यक्ष एवं सचिव मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर ऊर्जा, अध्यक्ष एवं सचिव मारवाड़ी युवा मंच आकृति व्हील्सकालीमाटी, अध्यक्ष एवं सचिव मारवाड़ी महिला मंच,जमशेदपुर, अध्यक्ष एवं सचिव श्री टाटानगर गौशाला, अध्यक्ष एवं सचिव सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, अध्यक्ष एवं सचिव राजस्थान सेवा सदन, अध्यक्ष एवं सचिव राजस्थान मैत्री संघ, अध्यक्ष एवं सचिव पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन, अध्यक्ष एवं सचिव राजस्थान युवक मंडल, जुगसलाई, अध्यक्ष एवं सचिव श्री राजस्थान शिव मंदिर, जुगसलाई, अध्यक्ष एवं सचिव श्री बैकुंठ धाम मंदिर, जुगसलाई, अध्यक्ष एवं सचिव श्री ठाकुरबाड़ी मंदिर, जुगसलाई, अध्यक्ष एवं सचिव श्री रानी सती दादी मंदिर, गर्ल्स स्कूल रोड, जुगसलाई, अध्यक्ष एवं सचिव राजस्थान भवन, बिस्टुपुर, अध्यक्ष एवं सचिव श्री सत्यनारायण मंदिर, बिस्टुपुर, अध्यक्ष एवं सचिव श्री ठाकुरबाड़ी मंदिर, साकची, अध्यक्ष एवं सचिव श्री साकची शिव मंदिर, साकची, अध्यक्ष एवं सचिव श्री महालक्ष्मी मंदिर, साकची, अध्यक्ष एवं सचिव श्री अग्रसेन भवन, साकची, अध्यक्ष एवं सचिव श्री संतोषी माता मंदिर, काशीडीह, अध्यक्ष एवं सचिव श्री नीलकंठेश्वर हनुमान मंदिर, काशीडीह, अध्यक्ष एवं सचिव श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, कदमा, अध्यक्ष एवं सचिव राजस्थान भवन, सोनारी, अध्यक्ष एवं सचिव श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, सोनारी, अध्यक्ष एवं सचिव श्री शिव मंदिर, गोलमुरी, अध्यक्ष एवं सचिव राजस्थान भवन, डिमना रोड, मानगो, अध्यक्ष एवं सचिव राजस्थान सेवा समिति, ग्वाला बस्ती, टेल्को, अध्यक्ष एवं सचिव श्री राजस्थानी ब्राह्मण संघ, जमशेदपुर, अध्यक्ष एवं सचिव खंडेलवाल वैश्य समाज, जमशेदपुर, अध्यक्ष एवं सचिव माहेश्वरी मंडल, जुगसलाई, अध्यक्ष एवं सचिव श्री टाटानगरओसवाल जैन संघ, जमशेदपुर महिला समन्वय सचिव श्रीमती अनु सांघी, श्रीमती कविता अग्रवाल, श्रीमती ममता मुरारका, श्रीमती मनीषा सांघी, श्रीमती रानी अग्रवाल, श्रीमती नमितामित्तल

प्रेस एवं सोशल मीडिया समन्वय सचिव श्री शंकर अग्रवाल, श्री अनिल अग्रवाल (गैलेक्सी), सीए सिद्धार्थ खंडेलवाल, श्री गौरव जवानपुरिया, श्री विनीत मित्तल

कानूनी एवं कराधान समन्वय सचिव सीए श्री पवन अग्रवाल, श्री कैलाश अग्रवाल एडवोकेट, श्री महाबीरअग्रवाल एडवोकेट, श्री श्रीराम सरोज एडवोकेट

सांस्कृतिक एवं खेल समन्वय सचिव श्रीमती अंजू चेतानी, श्रीमती पिंकी रिंगसिया, श्रीमती रश्मीअग्रवाल, श्रीमती रीनागोयल, श्रीमती रेखा अग्रवाल, श्रीमती संजनाअग्रवाल, श्रीमती सुशीला संघी जनसंपर्क एवं प्रशासन समन्वय सचिव श्री आशीष खन्ना, श्री बिश्वना थनरेडी, सीए अंकित अग्रवाल, श्री दीपक अग्रवाल रामुका जनसंपर्क एवं प्रशासन समन्वय सचिव श्री बिनोद शाह, श्री कमल किशोर अग्रवाल (चन्द्रबली), श्री महाबीर गुप्ता, श्री संतोष गर्ग, श्री सत्यनारायणअग्रवाल, श्री सुशील अग्रवाल

## जमशेदपुर महानगर के जिला भाजपा कार्यालय पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर महानगर में भारतीय जनता पार्टी ने 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय पर भाजपा जमशेदपुर महानगर के जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने झंडोत्तोलन कर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को सलामी दी। इस दौरान सैकड़ों भाजपा कार्यकताओं ने राष्ट्र गान के साथ 'भारत माता की जय' , 'वंदे मातरम' के नारे लगाकर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को सलामी दी और राष्ट्र रक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर पार्टी के वरीय नेताओं के संग जिला पदाधिकारी, मोर्चा जिलाध्यक्ष, विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष समेत सैकड़ों कार्यकर्ता के साथ कई महिला कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सफाई ठेकेदारों और सफाईकर्मियों का पूर्ण ब्यौरा दें उप नगर आयुक्तः सरयू राय

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने मानगो नगर निगम के उप नगर आयुक्त से निगम क्षेत्र में कार्यरत सफाईकर्मियों और सफाई ठेकेदारों के नाम सहित पूर्ण ब्योरा मांगा है और यह बताने को कहा है कि सफाई कार्य में लगे कर्मियों के पीएफ और ईएसआई कटौती एवं परिपूर्ति की क्या स्थिति है?

यहां जारी एक विज्ञप्ति में उन्होंने उप नगर आयुक्त से जानना चाहा कि नगर निगम ने विभिन्न क्षेत्रों में नालों और नालियों की सफाई के लिए, सड़कों पर झाड़ू लगाने और सड़कों से कचरा उठाने के लिए कितने ठेकेदार बहाल किए हैं और इन ठेकेदारों को कितने मजदूर सफाई कार्य के लिए आवंटित किए गए हैं?

## राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मिले राजेश शुक्ल, दी गणतंत्र दिवस की शुभकामना

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

झारखंड स्टेट बार काउंसिल के उपाध्यक्ष और राज्य के वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल ने आज गणतंत्र दिवस के अवसर पर रांची राजभवन में आयोजित सम्मान कार्यक्रम में झारखंड के राज्यपाल श्री संतोष गंगवार से भेट की और उन्हें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया और शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल गंगवार ने भी शुक्ल को अपनी शुभकामना दी और उनसे कुशल क्षेम पूछा।

श्री शुक्ल ने झारखंड के



मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन से भी इस अवसर पर भेट की और पुष्पगुच्छ देकर बधाई दी। शुक्ल ने अधिवक्ता कल्याण के लिए 12 करोड़ की राशि उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री श्री सोरेन का धन्यवाद किया।

## 76वें गणतंत्र दिवस पर पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने मानगो के कोहिनूर टावर पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में राष्ट्रध्वज तिरंगा फहराया

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस का यह दिन भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए गर्व का क्षण है। 26 जनवरी, 1950 को हमारा संविधान लागू हुआ और भारत एक संप्रभु, लोकतांत्रिक गणराज्य बना। यह संविधान न केवल हमारे अधिकारों की रक्षा करता है, बल्कि हमारे कर्तव्यों की याद भी दिलाता है।

इस दिन, हम उन स्वतंत्रता सेनानियों और संविधान निमार्ताओं को याद करते हैं, जिनके संघर्ष और बलिदान के कारण हम आज



एक स्वतंत्र और लोकतांत्रिक देश में जी रहे हैं। डॉ. भीमराव अंबेडकर, जो हमारे संविधान के मुख्य शिल्पकार थे, ने इसे एक ऐसा दस्तावेज बनाया, जो सभी के अधिकारों और स्वतंत्रता को सुनिश्चित करता है।

गणतंत्र दिवस हमें यह भी याद दिलाता है कि भारत एकता में विविधता का देश है। यहां अनेक भाषाएं, धर्म, और संस्कृतियां हैं, लेकिन हमारी पहचान हमारी एकता और भाईचारे में है।

आज का दिन हमें अपने कर्तव्यों की याद दिलाता है। हमारा देश तभी प्रगति करेगा जब हम अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे। हमें अपनी शिक्षा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समानता के लिए कार्य करना चाहिए।

हमारे सशस्त्र बलों का शौर्य, देश की विविधता, और प्रगति की झलक हमें प्रेरित करती है। यह हमें याद दिलाता है कि हम एक ऐसे देश का हिस्सा हैं, जो न केवल सांस्कृतिक रूप से धनी है, बल्कि तकनीकी और वैज्ञानिक क्षेत्र में भी प्रगति कर रहा है।

## संत एंथोनी हाई स्कूल खासमहल, जमशेदपुर के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज आरोहण बी डी सिंह के द्वारा किया गया

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

संत एंथोनी हाई स्कूल खासमहल, जमशेदपुर के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज आरोहण बी डी सिंह के द्वारा किया गया। छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया एवं हरसोलश के साथ गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। बी डी सिंह ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा गानातांत्रिक देश है और हम सबों को अपने देश के प्रगति और विकास के लिए सदैव अपना योगदान देना चाहिए। प्रत्येक नागरिक देश के विकास के लिए अपना भागीदारी तय करें तभी देश का विकास संभव हो सकेगा। हम



सब संकल्प लेते हैं कि भारत को विकसित बनाने में हम अपना योगदान करते रहेंगे धन्यवाद.

## प्रखंड स्तरीय बैठक में संयोजक मंडली का गठन

**पाकुड़ः** जिले के अमड़ापाड़ा प्रखंड के प्रकृति विहार परिसर (डाकबंगला परिसर) में झामुमो की प्रखंड स्तरीय बैठक सोमवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला संयोजक मंडली के संयोजक प्रमुख एजाजुल ईस्लाम ने किया। वहीं मंच संचालन जिला संयोजक मंडली के सदस्य सुलेमान बास्की ने की किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक हेमलाल मुर्मू उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से आगामी 2 फरवरी को झारखंड स्थापना दिवस के मौके पर दुमका के गांधी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में भारी संख्या में कार्यकताओं के शामिल होने को लेकर चर्चा किया गया। साथ ही प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में सदस्यता अभियान चलाकर ज्यादा ज्यादा लोगों को पार्टी में जोड़ने का निर्देश दिया गया साथ ही उक्त कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु प्रखंड स्तरीय संयोजक मंडली का गठन किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक हेमलाल मुर्मू ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी के रीढ़ होते है.

## पाकुड़ में शान से लहराया तिरंगा, श्रम, नियोजन, मंत्री संजय प्रसाद यादव ने किया झंडोत्तोलन



**पाकुड़** । 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर रानी ज्योतिर्मय स्टेडियम में सूबे के श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास के मंत्री संजय प्रसाद यादव ने झंडोत्तोलन किया। इससे पूर्व उन्होंने परेड का निरीक्षण किया।

मंत्री श्री संजय ने अपने संबोधन में सर्वप्रथम समस्त जिलावासियों को 76 वें गणतंत्र दिवस की ढेर सारी बधाईयाँ एवं शुभकामनाएँ दी। कहा कि देश आज पूरे हर्षोल्लास के साथ भारतीय गणतंत्र की 75 वीं सालगिरह मना रहा है। आज के दिन 26 जनवरी 1950 को देश में भारतीय संविधान लागू किया गया था। आज का दिन हम भारतीयों के लिए एक गौरवशाली दिन है। इन 75 वर्षों की यात्रा के दौरान देश ने काफी तरक्की की है। झारखण्ड भी प्रगति के पथ पर तेजी से बढ़ रहा है। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही गठबंधन सरकार का मुख्य लक्ष्य है झारखण्डवासियों का सर्वांगीण एवं सतत विकास। हमारी सरकार वादा करती ही नहीं है, वादा निभाती भी है। इसका प्रमाण और उदाहरण है मंईयां सम्मान योजना में 18 वर्ष से 50 वर्ष तक की माँ बहनों को 1000 हजार रुपए से बढ़ाकर 2500 रुपए की राशि बैंक खाते में भेजी जा चुकी है और यह जारी रहेगा। मैं आपके माध्यम से पूरे राज्य की जनता को ये बताना चाहता हूँ कि हमारी सरकार का संकल्प है, हर हाथ को काम, हर चेहरे पर मुस्कान। समाज के हर वर्ग का विकास और प्रगति हमारी सरकार का लक्ष्य है।समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को आगे बढ़ाना। हर वर्ग और समुदाय के लोगों को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ पहुंचाने तक, न हम रुकेंगें न थकेंगें। हेमंत सोरेन की सरकार, लोकतंत्र की मूल भावना, जनता का, जनता के लिए, जनता के द्वारा के मूल विचार को अपना आधार मानती है। सरकार आपके द्वार जैसा कार्यक्रम उसी मूल विचार के आधार का परिणाम है। हेमंत सोरेन की सरकार, न पहले राँची से चली, न इस बार भी राँची से चलेगी। हमारी सरकार की सोच है झारखंड के हर गांव, कस्बा, शहर को राँची जैसा बना दिया जाये।

## सांसद बिद्युत वरण महतो ने 76 में गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन किया

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

सांसद बिद्युत बरण महतो ने 76 में गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर झंडोत्तोलन किया। सर्वप्रथम बिष्टुपुर स्थित सांसद कार्यालय पर उन्होंने झंडोत्तोलन किया।इस अवसर पर उपस्थित समूह को संबोधित करते हुए उन्होंने क्षेत्र की जनता को गणतंत्र दिवस की सर्वप्रथम शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन भारतीय संविधान को हम लोगों ने अंगीकार किया था । इस संविधान के बताए हुए मार्ग पर चलकर आज भारत विश्व की महाशक्ति बन चुका है ।

सांसद श्री महतो ने कहा कि आजकल कुछ लोग संविधान को महज कोरा कागज समझकर जेब में लेकर घूमते फिरते हैं। जिन्हें संविधान का ना ज्ञान है और ना ही संविधान के बताए हुए मार्ग पर चलने की कोई मंशा है।

जिन लोगों ने बार-बार संविधान का उल्लंघन कर इस देश की गरिमा को ठेस पहुंचा है आज वही लोग संविधान का रोना रो रहे हैं। सांसद श्री महतो ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर की यह अमूल्य धरोहर है । इस धरोहर को हम सभी को न सिर्फ संरक्षित करना है बल्कि इसके बताए हुए मार्ग पर चलकर इस देश को परम वैभव की ओर ले जाना है। सांसद श्री महतो ने कहा यह देश तब तक सुरक्षित है जब तक यह संविधान सुरक्षित है ।आज विदेशी शक्तियां इस संविधान को ढाल बनाकर देश को तोड़ने में लगे हैं। आज सांसद श्री महतो ने सोनारी स्थित सबुज संघ, कदमा रामनगर वैश्य एकता मंच के कार्यालय परिसर में, बिष्टुपुर स्थित सरदार पटेल चौक के प्रतिमा के समक्ष एवं आदित्यपुर के अन्य दो स्थानों पर झंडोत्तोलन किया ।

आज उनके साथ उपस्थित रहने वालों में मुख्य रूप से चंद्रशेखर मिश्रा , चित्तरंजन वर्मा,हरेंद्र पांडे, नीरज सिंह,रीता मिश्रा,संजीव सिंहा,राजीव सिंह, संजय तिवारी, प्रशांत पोद्दार, आनंद कुमार,विनोद राय, दीपू सिंह,चंचल चक्रवर्ती, अमरेंद्र पासवान,धर्मेंद्र प्रसाद, नीतीश कुशवाहा,अभय चौबे, बलवीर मंडल,ललन यादव, मुन्ना मोहंती, संध्या नंदी, लीना चौधरी, लक्ष्मी सिंह चंद्र मोहन चौधरी, जितेंद्र कुमार, श्रीकांत देव, अशोक गोयल, काजल मुखर्जी, अशोक मंडल, राजेश्वर साहू ,भोला शर्मा समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

